हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 20.3 डिग्री


कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में एसीबी ने कोर्ट में पेश... 4



एक ईवीएम में सिर्फ महापौर दूसरी में पार्षद महापौर दोनों... 5



# 'चिप्स' में महाभारत, पहले किया सस्पेंड, मामला कोर्ट पहुंचा तो करा दिया ज्वाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

चिप्स में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी तनातनी के कारण यहां का कार्य प्रभावित हो रहा है। चिप्स के सीईओं द्वारा यहां के डायरेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना मौखिक सस्पेंड करते हुए कार्यालय प्रवेश पर रोक लगा दी थी। साथ ही उनका वेतन भी रोक दिया और उनके मोबाइल नंबर को भी ब्लॉक कर दिया गया। मामला जब कोर्ट पहुंचा, तो कर्मचारी को कार्यालय में ज्वाइन कराया गया, लेकिन मूल काम छोड़ दूसरे काम में लगा दिया गया। मामले में चिप्स ⏭ शेष पेज 8 पर

### वेतन रोकने से बच्चे का इलाज प्रभावित

बताया गया कि डायरेक्टर कृष्णा जीवन मिश्रा के 9 वर्षीय पुत्र स्वप्निल मिश्रा को हड्डियों की एक गंभीर बीमारी है, जिसका इलाज आगरा में चल रहा है। हर महीने उसके इलाज में हजारों रुपए का खर्च आता है, वेतन रोकने से इनको चिंता होने लगी। उन्होंने कई माध्यमों से सीईओ प्रभात मालिक और एसीईओ शशांक पांडे से मिलने की कोशिश की, लेकिन दोनों अधिकारियों ने समय भी नहीं दिया। अधिकारियों को मेल और व्हाट्सएप के जरिए बच्चे के इलाज के संबंध में जानकारी दी गई।

### हटाए गए दो अधिकारियों को पुनः पदस्थ करने के दिए आदेश



### एक अन्य मामले में कोर्ट से स्टे

ऐसा ही एक प्रकरण चिप्स के अन्य कर्मचारी राजेंद्र विश्वाल का है, जिन्हें 20 सितंबर 2024 को बिना किसी कारण के बर्खास्त कर दिया गया। वे कोर्ट गए तब उनको भी हटाने की कार्यवाही पर स्थगन आदेश दिया गया। यहां पर एक प्रकरण ज्योतिर्गमय प्रधान का है, उनको भी चिप्स से हटा दिया गया है। यह मामला भी कोर्ट में है।

### कोर्ट के आदेश पर दिया वेतन और कराई ज्वाइनिंग

व्यथित होकर डायरेक्टर कृष्णा मिश्रा ने अधिवक्ता हिमांशु पाण्डेय के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की। दिसंबर में हाईकोर्ट ने सुनवाई की और उसी दिन अमानवीय कार्यवाही पर अंतरिम राहत प्रदान की। कोर्ट के आदेश के बाद दिसंबर के अंत में उनका वेतन रिलीज किया गया। साथ ही उन्हें जनवरी में 27 तारीख को ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्देश जारी किया गया। उन्हें थर्ड पार्टी एनआईएसजी पैरोल पर कार्य कर रहे विवेक चंद्राकर के नीचे काम करने कहा गया। श्री मिश्रा ने नियमों के अनुसार प्रोटेस्ट दर्ज करते हुए अपनी ज्वाइनिंग भी दे दी। मामले में सुनवाई की अगली तारीख फरवरी में है।

## खबर संक्षेप

### बीफ करी बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने विदेश से आयतित बीफ करी (गो-मांस) बेचने के आरोप में मरीन ड्राइव स्थित नार्थ-ईस्ट फूड कोर्ट कैफे के संचालक दुर्ग निवासी रवींद्र पाल अग्रवाल तथा मिजोरम निवासी रूबी वनलारेग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को कैफे के फ्रिज से गोमांस का टुकड़ा भी जब्त किया था। बीफ करी तथा फ्रिज में मिले मांस के टुकड़े की लैब टेस्ट में गोमांस होने की पुष्टि होने के बाद दोनों को गिरफ्तार किया है।

### गांजा परिवहन करते 2 तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि होंडा साइन वान में सवार महेंद्र वर्मा निवासी वार्ड नंबर-10 उपरवारा तथा विवेक वर्मा निवासी ग्राम अल्दा थाना तिल्दा नेवरा गांजा ले जा रहे हैं। अभनपुर पुलिस ने दोनों युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम गांजा मिला। उनके पास से वाहन एवं एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

रीएजेंट घोटाला, कमलकांत पाटनवार, बसंत कौशिक, झिरौंद्र रावटिया से हुई पूछताछ

# ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रीएजेंट और उपकरण खरीदी के नाम पर हुए 660 करोड़ के महाघोटाले में तीन अफसरों की शनिवार को ईओडब्लू दफ्तर में पेशी हुई। जीएम टेक्निशियन कमलकांत पाटनवार, बसंत कौशिक और बायोमेडिकल इंजीनियर झिरौंद्र रावटिया से गहन पूछताछ हुई। जांच के दायरे में आए इन अधिकारियों से ईओडब्लू की टीम ने पूछा कि बिना पड़ताल कैसे करोड़ों के रीएजेंट और उपकरण खरीदी के लिए सहमति दी गई।

इस मामले से जुड़े अन्य अधिकारी मीनाक्षी गौतम, डा. अनिल परसाई सहित अन्य अधिकारियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है। सोमवार को ईओडब्लू में पेश होने वाले अधिकारियों में दो आईएएस ⏭ शेष पेज 8 पर

### जांच दायरे में आए अन्य अफसरों का सोमवार ईओडब्लू दफ्तर में बुलावा

### बनाई गई थी हाईलेबल कमेटी

करोड़ों का रीएजेंट खराब होने का मामला सामने आने के बाद शासन स्तर पर इसकी अनावश्यक सप्लाई और बरबादी का आकलन करने के लिए हाईलेवल पर कमेटी बनाई थी। सचिव स्तर के अधिकारी इस टीम का नेतृत्व कर रहे थे, मगर इनकी जांच पूरी नहीं हो पाई और प्रकरण घोटाले के रूप में जांच के लिए ईओडब्लू तक पहुंच गया।


मोक्षित पर मेहरबानी, दवा कार्पोरेशन ने 200 हेल्थ सेंटरों में बिना वजह भेज दिए रीएजेंट

ईओडब्लू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

### विवाद के बाद भी भुगतान

दवा कार्पोरेशन के अधिकारी मोक्षित कार्पोरेशन पर इतने मेहरबान थे कि उसका भुगतान बाकी सप्लायरों को नजर अंदाज कर कर दिया जाता था। वर्ष 2021-23 के बीच उसे 450 करोड़ का भुगतान हुआ, इसके बाद मामले का खुलासा हुआ और सालभर पहले स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी ने जांच समिति का गठन किया। कमेटी ने अपने स्तर पर खरीदी, सप्लाई के बिंदुओं पर जांच की। टीम ने मामले में दवा कार्पोरेशन के अधिकारियों को दोषी पाया था। उनकी रिपोर्ट आने के बाद भी अफसर ने आरोपों को नजर अंदाज कर सप्लायर एजेंसी को 50 करोड़ रुपए दे दिया। इस भुगतान ने सीजीएमएससी के वर्तमान अधिकारियों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# रायपुर-झारसुगुड़ा के बीच आज से हवाई संपर्क, 22 सौ तक पहुंचा पहली उड़ान का किराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर और झारसुगुड़ा के बीच रविवार 2 फरवरी से हवाई संपर्क हो जाएगा। सप्ताह में चार दिन संचालित होने वाली इस फ्लाइट की पहली उड़ान का किराया 22 सौ रुपए तक पहुंच गया है। पचास मिनट में अपनी यात्रा पूरी करने वाले इस एयरक्राफ्ट की क्षमता 76 सीटर की है।

- सप्ताह में चार दिन संचालित होगा 76 सीटर विमान

पूर्व में एयर इंडिया दोनों शहरों के बीच विमान का संचालन करती थी, मगर करीब तीन साल पहले इस फ्लाइट को बंद कर दिया गया था। कुछ महीने पहले क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत स्टार एयर द्वारा रायपुर और झारसुगुड़ा के बीच एयर कनेक्टिविटी देने की घोषणा की गई थी। इस फ्लाइट की पहली उड़ान 2 फरवरी रविवार को संचालित होगी। शुरुआती दौर में इस फ्लाइट का किराया 1299 रुपए रखा गया था। बुकिंग के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने की वजह से रायपुर से झारसुगुड़ा जाने वाली इस पहली फ्लाइट का फेयर 22 सौ रुपए तक पहुंच गया है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली इस फ्लाइट को पर्याप्त संख्या में यात्री मिलेंगे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


## रात-दिन का पारा पांच डिग्री ज्यादा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रात दिन का पारा सामान्य से पांच डिग्री अधिक हो चुका है। यहां से ठंड पूरी तरह गायब हो चुकी है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान में और बढ़ोतरी होगी। बलरामपुर में ठंड गायब हो चुकी है और उसकी वापसी की संभावना अब नहीं है। इस बार ठंड की विदाई प्रदेश से जल्दी हो गई है और उस बात की संभावना है कि फरवरी में गर्मी का प्रभाव ज्यादा रहेगा। शनिवार को दोपहर बाद शहर में धूप तेज हो गई। साथ ही रात में बिना एसी, पंखे के रहना मुश्किल होने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 20.3 और अधिकतम 34.6 डिग्री दर्ज किया गया है।






### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 1 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री करने खमतराई ओवरब्रिज से भनपुरी की ओर जा रहा था। टीम ने इस सूचना पर आरोपी सूरज दुर्गा निवासी गुलाब नगर गुढ़ियारी को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1610 टेबलेट मिली। जब्त टेबलेट की कीमत 16 हजार 110 रुपए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस इस प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है।

### बिरयानी खाकर पैसे नहीं दिए, मांगने पर की मारपीट

**रायपुर।** राखी थाने में एक रेस्टोरेंट संचालक ने तीन बदमाशों के खिलाफ बिरयानी खाने के बाद उसके पैसे मांगने पर मारपीट तथा रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवागांव में जेपी रेस्टोरेंट के संचालक जयप्रकाश यादव ने बबलू, हाथीराम, संजय बघेल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जयप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसके रेस्टोरेंट में शुक्रवार को तीनों लड़के बिरयानी खाने आए। बिरयानी खाने के बाद दुकान संचालक ने पैसे मांगे तो लड़कों ने दुकान संचालक की डंडे से पिटाई करने के साथ दुकान में तोड़फोड़ कर दी।




# कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में एसीबी ने कोर्ट में पेश किया साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कस्टम मिलिंग की आड़ में वर्ष 2023 में राइस मिलरों से 140 करोड़ रुपए की अवैध उगाही मामले में ईओडब्लू, एसीबी ने कोर्ट में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी तथा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ शनिवार को साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान पेश किया। चालान ईओडब्लू की विशेष अदालत निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने कोर्ट में 35 पन्नों की समरी पेश की है।

- मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर आरोपी बनाए गए हैं

जांच एजेंसी ने कोर्ट में चालान पेश करते हुए बताया है कि मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान अन्य लोगों के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। इसके बाद अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर आयकर विभाग की टीम ने वर्ष 2023 में मनोज सोनी, विपणन अधिकारी प्रीतिका पूजा केरकेट्टा सहित 16 राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी के साथ ईओडब्लू अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रहा है।



### यह है पूरा मामला

वर्ष 2022-23 में कस्टम मिलिंग के एवज में राइस मिलरों से प्रति क्विंटल 20 रुपए कमीशन लेने के आरोप हैं। मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी ने विपणन अधिकारी प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के माध्यम से रोशन चन्द्राकर को निर्देश दिया था कि केवल उन्हीं राइस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिनकी वसूली की राशि रोशन चन्द्राकर को प्राप्त हुई है। आयकर विभाग ने जब छापे की कार्रवाई के दौरान एक करोड़ छह लाख रुपए नकदी सहित लेन-देन के दस्तावेज सहित डिजिटल डिवाइस जब्त किया था। इस तरह कस्टम मिलिंग के माध्यम से राइस मिलरों से 140 करोड़ रुपए वसूली करने के आरोप हैं।

### लखमा की अग्रिम जमानत पर कल होगी सुनवाई

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद कवासी लखमा ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में शुक्रवार को अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया है। पूर्व मंत्री के आवेदन पर कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले की जांच ईडी के साथ ईओडब्लू कर रही है। पूर्व मंत्री को ईडी ने गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री को अंदेशा है कि इसी मामले में आने वाले दिनों में ईओडब्लू भी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इस वजह से पूर्व मंत्री ने गिरफ्तारी से बचने कोर्ट में अग्रिम आवेदन पेश किया है।

### डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने के मामले में सुनवाई

शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा के आवेदन पर डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने के मामले को लेकर भी विशेष अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट बचाव पक्ष तथा ईओडब्लू के वकील की दलील सुनने के बाद डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने के मामले में 10 फरवरी को फैसला सुनाएगी। ईओडब्लू के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय तथा विशेष लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा ने शासन का पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि मामले की जांच जारी है। ईओडब्लू के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि डिस्टलरी संचालकों के खिलाफ अब तक कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं, इस वजह से उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

## प्रयागराज महाकुंभ मेले में हुआ भंडारा



रायपुर। प्रयागराज महाकुंभ मेले में बूढ़ापारा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने स्नान किया और सभी संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री डाकोर-इंदौर में भंडारा का आयोजन किया। इसमें भी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का कार्यक्रम स्व. महंत हरिदास त्यागी के स्मृति में हुआ। इस अवसर पर इंदौर के महंत स्वामी रामचरण दास महाराज, महंत पवन दास महाराज, महंत राधे राधे पंच तेरह भाई त्यागी, दिगंबर अखाड़ा के महंत बृजमोहन दास सहित अन्य महंत शामिल थे।

## निधन

### गोपेंद्र मिश्रा



रायपुर। रायपुर निवासी गोपेंद्र मिश्रा गनियारी पाटन वाले (76) का 1 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे गौरव मिश्रा के पिता थे।

## सीबीआई ने पांच लाख लेते रंगे हाथ पकड़ा

# सेंट्रल जीएसटी के अफसर ने दुर्ग के कारोबारी से मांगे थे 34 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीआई ने शुक्रवार को सेंट्रल जीएसटी के ऑफिस में जो छापे की कार्रवाई की थी, उसकी वजह सेंट्रल जीएसटी के दो अफसरों द्वारा कारोबारी ग्रुप से 34 लाख रिश्वत की मांग करना है। इसके साथ ही सीबीआई ने अफसरों को कारोबारी से पांच लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

- सीबीआई ने भरत सिंह तथा विनय राय को किया है गिरफ्तार

सीबीआई ने दुर्ग, स्टेशन रोड स्थित कारोबारी मेसर्स द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी के संचालक लालचंद अठवानी तथा महेश अठवानी की शिकायत पर सीजीएसटी के सुपरिंटेंडेंट भरत सिंह, विनय राय तथा सीजीएसटी से जुड़े किसी मिश्रा नाम के अफसर को गिरफ्तार किया है। अफसरों पर आरोप है कि कारोबारी की अनुपस्थिति में वे उनके प्रतिष्ठान में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। कार्रवाई करने पहुंचे अफसर तीर्थ यात्रा करने गए कारोबारी को वापस बुलाकर अपने साथ ले गए और मामला रफा-दफा करने पैसों की मांग की।



### ट्रैप होने के बाद छापे की कार्रवाई

सीबीआई ने रिश्वतखोर अफसरों को वीआईपी रोड स्थित करेंसी टॉवर स्थित कैफे में रिश्वत लेते शुक्रवार सुबह ट्रैप किया है। इसके बाद पुलिस ने संबंधित सीजीएसटी के अफसरों के निवास तथा ऑफिस में पूरे दिन छापे की कार्रवाई करने के साथ पूछताछ की। सीबीआई की टीम शुक्रवार को सेंट्रल जीएसटी के कार्यालय में पूरी रात कार्रवाई करती रही।

### 70 लाख की मांग

कारोबारी के अनुसार अफसरों ने उनके कारोबार का करोड़ों रुपए टैक्स बकाया होने का भय दिखाकर अपने साथ रायपुर चलने विवश किया। 29 जनवरी को सुबह कारोबारी को अपने साथ रायपुर ले आए। रायपुर लाने के बाद जीएसटी के अफसरों ने कारोबारी को ऑफिस ले जाने के बजाय करेंसी टॉवर ले गए और वहां उनसे मामला सेटल करने 70 लाख रुपए की मांग की। मोल-भाव करने पर 11 लाख टैक्स पटाने के साथ ऊपर के 34 लाख रुपए देने समझौता किया।

### कर्ज लेकर पांच लाख रुपए रिश्वत देने पहुंचा

कारोबारी के अनुसार व्यापार में नुकसान होने के बाद उन्होंने अपनी प्रापर्टी बेचकर कारोबार में पैसा निवेश किया है। उनकी वर्तमान स्थिति ऐसी नहीं है कि वो तत्काल में पांच लाख रुपए की व्यवस्था कर सकें। इसके लिए कारोबारी पांच लाख रुपए कर्ज लेकर सीजीएसटी के अफसरों को रिश्वत देने पहुंचा था।

### तीर्थ यात्रा से वापस बुलाया

कारोबारी नवीन आठवानी के मुताबिक सेंट्रल जीएसटी के अफसर उनके संस्थान में 28 जनवरी को शाम के समय उनकी अनुपस्थिति में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। तब वे परिवार सहित प्रयागराज कुंभ स्नान करने के बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान अफसरों ने उन्हें कॉल कर अर्जेंट आने के लिए कहा। आरोप है कि कारोबारी जैसे ही अपने घर पहुंचे, सीजीएसटी के अफसरों ने उनके घर का सीसीटीवी कैमरा कनेक्शन काट दिया।

# मतदान केंद्रों में सूचना पट्टी व रंगरोगन के कार्य जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए राजधानी रायपुर के मतदान केंद्रों को तैयार किया जा रहा है। इसके तहत कई शासकीय स्कूल एवं कॉलेजों को रंगरोगन करने से लेकर दीवारों पर पीले रंग से पोताई कर काले रंग से वार्ड, मतदान केंद्र क्रमांक सहित अन्य सूचनाएं लिखी जा रही हैं, ताकि मतदाता वोट करने के लिए मतदान केंद्र और बूथ कमरे तक आसानी से पहुंच सकें।

चुनाव के कारण कई स्कूल व कॉलेज जो जर्जर हो चुके हैं, उनकी मरम्मत भी की जा रही है। इसके अलावा कई स्कूल व कॉलेज की बाउंड्रीवाल से लेकर कमरों की भी पोताई कराई जा रही है।

राजधानी रायपुर में महापौर और पार्षद चुनाव के लिए मतदान केंद्रों में तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसके तहत सभी मतदान केंद्रों को मतदान से पहले ठीक-ठाक कराने से लेकर मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह ने सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, पंखा, शौचालय सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस निर्देश के तहत मतदान केंद्रों में तैयारियां भी युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

# भोपाल के रविंद्र भवन में सांस्कृतिक उत्सव लोकरंग का हुआ समापन



रायपुर। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग की जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी ने गणतंत्र के 40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक भोपाल के रविंद्र भवन में किया गया। यह पांच दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव था। कार्यक्रम में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी, नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेले का आयोजन किया गया। साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन और उनके योगदान को नृत्य-नाट्य रूप में भी दिखाया गया था। इसके अलावा विदेशी लोकनृत्य में पेरिस, जर्मनी की नृत्यछटा देखने को मिली। इस दौरान' परंपरा में वाद्य 'संगोष्ठी में पूरे भारत से शोध प्रतिभागी अपने अपने वाद्ययंत्र के साथ उपस्थित हुए थे। इस दौरान रायपुर छत्तीसगढ़ से डॉ. संजू साहू 'पूनम' अपने विलुप्त होते लोक वाद्य मुंडाबाजा के साथ भोपाल में अपना शोध प्रस्तुत किया। मुंडाबाजा एक आनुष्ठानिक वाद्य है, जो कि बस्तर और सरगुजा अंचल में बजाया जाता है। डॉ. साहू ने अपने शोध प्रस्तुति के दौरान बस्तर की आदिवासी संस्कृति, लोककला पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान विभाग के निदेशक धर्मेंद्र पारे उपस्थित थे।

# विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम 9 मार्च को



रायपुर। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित प्रांतीय कार्यालय में शनिवार को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को संपूर्ण छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस सम्मानयोग्य इच्छुक महिलाओं का बायोडाटा 1 मार्च तक आमंत्रित है, जिसे संगठन की चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में सहयोग की अपील करते हुए बताया कि इस अवसर पर समूह नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। सभी प्रतिभागियों को सम्मानपत्र व विजेता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। बैठक में सुरेश मिश्रा, रज्जन अग्निहोत्री, सुनील ओझा, नितिन कुमार झा, सुमन मिश्रा, प्रीति मिश्रा, सुरभि शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, सतीश शर्मा, विद्या भट्ट, सुलभा पाण्डेय, उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### एम्स में मिलेगी कार्डियोपल्मोनरी टेस्ट की सुविधा

रायपुर। एम्स के पल्मोनरी, क्रिटिकल और स्लीप मेडिसिन विभाग ने अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक और थेरेप्यूटिक तकनीकों को अपनाकर मरीजों की देखभाल को और अधिक उन्नत किया है। इस दिशा में संस्थान ने अब कार्डियोपल्मोनरी एक्सरसाइज टेस्टिंग और एक्सहेल्ड नाइट्रिक ऑक्साइड एस्टिमेशन की सुविधा ओपीडी में उपलब्ध कराई है। विभागाध्यक्ष प्रो. साजल डे ने बताया कि यह विशेष गैर-आक्रामक परीक्षण है, जो व्यायाम के दौरान हृदय, फेफड़ों और मांसपेशियों के समग्र कार्य का आकलन करता है। यह अस्थमा के निदान और प्रबंधन में सहायक है, जिससे दवाओं की उचित खुराक तय करने, उपचार के पालन की निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर डोज में समायोजन करने में मदद मिलती है।

### भतपहरी को ईएनसी पीडब्ल्यूडी का प्रभार

रायपुर। राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग में विजय कुमार भतपहरी को नया इंजीनियर इन चीफ बने (ईएनसी) नियुक्त किया है। वे केके पिपरी की जगह लेंगे, जो 31 जनवरी को रिटायर हो गए। श्री भतपहरी अभी पीडब्लूडी विभाग के ओएसडी हैं और पूर्व में ईएनसी रह चुके हैं। श्री पिपरी के रिटायर होने के बाद भतपहरी विभाग में सबसे सीनियर अधिकारी थे, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### महापौर-पार्षद चुनाव के लिए हर वार्ड में दो-दो ईवीएम मशीने लगेंगी

# एक ईवीएम में सिर्फ महापौर, दूसरी में पार्षद-महापौर दोनों प्रत्याशी के बटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।



नगरीय निकाय चुनाव में महापौर, अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के लिए ईवीएम मशीनों से चुनाव होगा। बैलेट यूनिट में महापौर व अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए सफेद पेपर एवं पार्षद प्रत्याशी के लिए पिंक पेपर होगा। नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के लिए मतदान के दौरान प्रत्येक वार्ड में दो-दो ईवीएम मशीनें लगेंगी। एक बैलेट यूनिट में 16 बेल बटन होते हैं। इस तरह 16 प्रत्याशियों के नाम एक यूनिट में होते हैं, लेकिन नगर निगम रायपुर में महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इसे देखते हुए जिला निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है कि दो बैलेट यूनिट में से एक में सिर्फ महापौर के 14 प्रत्याशियों के नाम होंगे। इस बैलेट यूनिट का पहला और अंतिम बटन को खाली रखा जाएगा। शेष 2 महापौर सहित वार्ड से पार्षद पद के लिए लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम दूसरे बैलेट यूनिट में होंगे। हालांकि दूसरे बैलेट यूनिट में नोटा के भी दो बटन होंगे। ये दोनों बटन महापौर-पार्षद के संयुक्त बैलेट यूनिट में होंगे। इनमें एक बटन महापौर प्रत्याशियों के नाम के बाद और दूसरा पार्षद प्रत्याशियों के नाम के बाद होगा। इस तरह अगर कोई मतदाता महापौर या पार्षद पद में से किसी भी प्रत्याशी को वोट देना नहीं चाहता, तो वह नोटा बटन का इस्तेमाल कर सकता है।

■ महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए सफेद बैलेट पेपर एवं पार्षद प्रत्याशी के लिए पिंक बैलेट पेपर

### वोट देते समय रखना होगा ध्यान

महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए वोट करते समय प्रत्येक मतदाता को दोनों ईवीएम मशीन में वोट करना है। इस दौरान मतदाताओं को कई चीजों का ध्यान रखना होगा। महापौर प्रत्याशियों के लिए एक ईवीएम मशीन है, लेकिन दूसरी मशीन में महापौर और पार्षद दोनों प्रत्याशी के नाम होंगे। ऐसे में मतदाता एक वोट करेगा, तो बीप की छोटी आवाज आएगी और दूसरा वोट करने पर बीप की लंबी आवाज आएगी। इस तरह दोनों वोट देने के बाद ही बीप की लंबी आवाज आएगी।

### कंट्रोल यूनिट में मेमोरी बैकअप, खराब हुआ तो फिर वोटिंग का डाटा रहेगा सुरक्षित

ईवीएम मशीन में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट होता है। एक कंट्रोल यूनिट में कई बैलेट यूनिट लगाए जा सकते हैं। वोटिंग का सारा डाटा कंट्रोल यूनिट में ही सेव होता है। ऐसे में अगर मतदान के दौरान कोई कंट्रोल यूनिट में खराबी आ जाए तो उसकी जगह दूसरा कंट्रोल यूनिट लगाया जाएगा, वहीं खराब होने बाद भी कंट्रोल यूनिट में वोटिंग का डाटा सुरक्षित रहेगा, क्योंकि कंट्रोल यूनिट में डाटा बैकअप के लिए डीएमएम मेमोरी कार्ड भी लगा हुआ है, जो सीलबंद रहेगा। इस मेमोरी कार्ड को मतगणना के दिन ही खोला जाएगा।

### ईवीएम मशीनों की प्रदर्शनी में प्रत्याशी प्रतिनिधियों ने डाले वोट

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभागार में नगरीय निकाय एवं त्रि-पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने वाले राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

## मितानिनों को 4 माह से नहीं मिला मानदेय, सीएमएचओ को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहरी मितानिन प्रशिक्षण,स्वस्थ पंचायत एवं एरिया समन्वय को चार माह से मानदेय नही मिल रहा है। लगभग 400 मितानिनों की नौकरी खतरे है। चार माह पहले इस समस्या को लेकर मितानिनों ने स्वस्थ मंत्री से मुलाकात की थी। मंत्री ने मितानिनों को विश्वास दिलाया कि आपका मानदेय जल्द दिया जाएगा। साथ ही नौकरी पर भी रखा जाएगा। इसके लिए विभागीय मंत्री ने संबंधित अधिकारी को अनुशंसा करके भेज दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई है।

■ बिरगांव निगम क्षेत्र की मितानिनों की पीड़ा, खतरे में नौकरी

बिरगांव निगम क्षेत्र की प्रभावित मितानिनों ने मामले को लेकर शनिवार को सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी को ज्ञापन दिया। मितानिनों के साथ निगम के एमआईसी मेंबर इकराम अहमद भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रभावित मितानिनों में कई ऐसी हैं, जिनके यहां कोई कमाने वाला नहीं है। इससे परिवार की जिम्मेदारी उन्हें ही निभानी पड़ती है। इसके बाद भी अधिकारी नौकरी के मामले में गोलमोल जवाब देते हैं। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार छोटे कर्मचारियों की नौकरी छीनने पर तुली हुई है। कांग्रेस की सरकार ने इनका 2500 मानदेय किया था। अधिकारियों ने अगर समस्या का हल नही निकाला, तो आचार संहिता के बाद प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा।

## इच्छा रखता था दूसरों की भलाई की, एक्सीडेंट में हुआ ब्रेनडेड तो परिवार ने कर दिया अंगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दूसरों की भलाई करने की इच्छा रखने वाला आर्यंस आडिल सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होकर ब्रेनडेड हो गया। माता-पिता उसकी इच्छा से परिचित थे इसलिए उसके अंगों का दान कर तीन युवकों को नया जीवन प्रदान किया। आर्यंस आडिल की आंखें भी दो के जीवन में उजाला लेकर आएंगी।

अमलेश्वर के ग्राम पाहंदा में रहने वाला 18 साल का आर्यंस (बिट्टू) इस दुनिया में भले ही नहीं रहा हो, मगर उसके शरीर के अंगों की मदद से कुछ लोग अपना जीवन स्वस्थ होकर गुजार पाएंगे। आर्यंस असीम आडिल का इकलौता पुत्र था और जेईई की पढ़ाई कर रहा था। 29 जनवरी की सुबह परीक्षा दिलाकर वह घर लौट रहा था, इसी दौरान महादेव घाट पुल के समीप एक लापरवार वाहन चालक ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए मोहबा बाजार के सुयश अस्पताल में दाखिल किया गया था। डाक्टरों की भरसक कोशिश के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और ब्रेनडेड घोषित कर दिया गया। आर्यंस की इस स्थिति का पता चलने पर आडिल परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जवान बेटे को खोने का गम सह रहे असीम ने बच्चे की सोच का मान रखते हुए उसका अंगदान करने की इच्छा जाहिर की।

■ किडनी, लिवर के जरिए तीन युवकों को दिया नया जीवन

### प्रदेश का 11वां अंगदान

एम्स में शनिवार को प्रदेश का 11वां अंगदान पूरा हुआ। इसके पूर्व 13 दिसंबर को डोंगरगढ़ में रहने वाली एक युवती के ब्रेनडेड होने पर परिवार वालों ने उसकी किडनी के जरिए जरूरत मंद मरीज को नया जीवन प्रदान किया था। प्रदेश में अभी बड़ी संख्या में बीमारी से जूझ रहे लोगों को किडनी और लिवर की जरूरत है।

### एम्स और रामकृष्ण हास्पिटल में प्रत्यारोपण

आर्यंस से मिली एक किडनी एम्स में उपचार करवा रहे 21 वर्षीय युवक को लगी। दूसरी किडनी और लिवर रामकृष्ण अस्पताल के 24 और 18 साल के नौजवान को प्रत्यारोपित की गई। सुयश अस्पताल से सूचना पर आर्यंस के ब्रेनडेड बॉडी को एम्स ले जाया गया, जहां उसकी दोनों आंखों को भी जरूरतमंद मरीजों को लगाया जाएगा।

## पीआरए ग्रुप में 37 करोड़ की टैक्स चोरी, संबंधित संस्थानों में टीडीएस की दबिश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बड़े कंस्ट्रक्शन पीआरए कारोबारी समूह में सर्वे करने पहुंची आईटी की टीम ने 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने का खुलासा किया है। टैक्स चोरी होने के खुलासे के बाद शनिवार को कारोबारी समूह से जुड़े अन्य कारोबारी संस्थानों में टीडीएस की टीम जांच करने पहुंची है।

पीआरए ग्रुप के तेलीबांधा स्थित संस्थान में गुरुवार को आयकर विभाग की करारोपण टीम सर्वे करने पहुंची थी। आईटी की करारोपण टीम कारोबारी समूह द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने के बाद सर्वे करने पहुंची थी।

कारोबारी समूह के कम्प्यूटर हार्ड डिस्क के साथ लैपटॉप, मोबाइल से बैकअप लेने के साथ दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कारोबारी समूह द्वारा 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी किए जाने का मामला सामने आया। 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी का मामला सामने आने के बाद कारोबारी समूह से जुड़े पंडरी स्थित अन्य कारोबारी संस्थानों में टीडीएस की टीम जांच करने पहुंची है।

■ तीन दिन पूर्व आयकर विभाग की टीम सर्वे करने कारोबारी ग्रुप पहुंची थी

■ कारोबारी ग्रुप को 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने दिए निर्देश

### एडवांस टैक्स जमा करने निर्देश

आईटी की करारोपण टीम ने कारोबारी समूह को टैक्स चोरी की राशि जमा करने के साथ ही अनिवार्य रूप से 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने निर्देश दिए हैं। कारोबारी समूह ने भी नए वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व एडवांस टैक्स की राशि जमा करने स्वीकृति प्रदान की है।






## सबके लिए कैसा बजट

# 12 लाख तक की टैक्स छूट से बाजार में आएगा पैसा, मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

*रायपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को देश का आम बजट पेश किया। इस बजट में इनकम टैक्स में बहुत बड़ा फायदा आमजनों को दिया गया है। साथ ही टीडीएस और टीसीएस में भी बड़ी घोषणा की गई है। हरिभूमि की टीम ने शहरवासियों से बजट संबंधित चर्चा की, जिन्होंने बजट के संबंध में अपनी राय साझा करते हुए 12.75 लाख की सालाना कमाई पर टैक्स छूट मिलने पर खुशी जाहिर की है।*

### मध्यमवर्गीय परिवार को राहत



बजट में युवा, महिलाओं और किसानों का पूर्ण रूप से ध्यान रखा गया है। इस वर्ष का बजट संतुष्टिजनक वाला है। सबसे बड़ा फायदा मध्यमवर्गीय परिवार को मिला है, इसमें 12 लाख तक कि प्रतिवर्ष आय प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार का आयकर नहीं देना होगा। इससे व्यक्ति बचत कर बाजार में अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा और आर्थिक क्षेत्र में भी सुधार होगा। बीमा क्षेत्र में भी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाकर सौ प्रतिशत कर दिया गया है, यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाला है।

**- डॉ. विजय कुमार चौबे, शिक्षक**

### आईआईटी में अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर



मध्यमवर्गीय परिवार को टैक्स से बड़ी राहत मिली है। केंद्रीय मंत्री ने मेडिकल कॉलेज और आईआईटी में अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की घोषणा की है। वहीं स्कूल और उच्च शिक्षा के लिए भारतीय भाषा पुस्तक योजना शुरू करने जा रही, जो किताबों को डिजिटल रूप से विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगी। इस साल का बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंत साबित होने जा रहा।

**-भारवि वैष्णव**

### मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत



केंद्रीय बजट मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट है। वित्त मंत्री से आयकर की सीमा बढ़ाने व नए रिज्यूम में टैक्स स्लैब में 25 प्रतिशत को भी शामिल करने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब 12 लाख तक की आय पर किसी प्रकार का कर नहीं देना पड़ेगा। इसके साथ ही पहले 15 लाख के बाद 30 प्रतिशत कर देना पड़ता था, अब 24 लाख की बाद 30 प्रतिशत कर देना पड़ेगा, यह मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत है।

**- हरख मालू**, पूर्व अध्यक्ष, रायपुर सराफा एसोसिएशन

### अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा बजट



केंद्रीय बजट आम जनता के लिए जनकल्याणकारी साबित होगा। इसमें मध्यम वर्ग को आयकर की सीमा में 12 लाख तक की टैक्स फ्री योजना बहुत ही सराहनीय, स्वागतयोग्य कदम है, जिससे 10 लाख करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही जीवनरक्षक दवाइयां, मोबाइल, टीवी, कृषि सामग्री आदि में टैक्स सस्ता करने से आम जनता को लाभ होगा। युवा वर्ग को रोजगार में आत्मनिर्भर बनाने नई नीति लाई गई है। महिलाओं को भी इस दायरे में लाया गया है। इससे देश को विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने में मदद मिलेगी। आईटी सेक्टर में भी काफी राशि आवंटित कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे।

**-विमल बाफना**, अध्यक्ष, महादेवघाट रोड व्यापारी कल्याण संघ

### व्यापारी बजट से खुश



बजट व्यापारी वर्ग के लिए लाभदायक है। 12 लाख तक इनकम में टैक्स की छूट से नौकरीपेशा और मिडिल क्लास को जो राहत दी गई है, उसका पैसा बाजार में आएगा। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में टीवी, मोबाइल सस्ते होने से व्यापार में इजाफा होगा। इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में खुशी की लहर है। व्यापारी इस बजट से खुश हैं।

**- राजेश वासवानी**, महामंत्री, मालवीय रोड शारदा चौक व्यापारी संघ

### मध्यम वर्ग के पास अधिक धन बचेगा



12 लाख रुपए तक की आय पर छूट एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो मध्यम वर्ग, समाज और देश की अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक रूप से लाभकारी साबित होगा। यह करदाताओं के हाथ में अधिक धन सुनिश्चित करेगा, जिससे उनकी खपत, बचत और निवेश की शक्ति बढ़ेगी। कर छूट से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी, जिससे ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट, एफएमसीजी और ई-कॉमर्स जैसे सेक्टर्स को फायदा होगा। डिजिटल इकॉनमी और कैशलेस ट्रांजेक्शन को भी इससे मजबूती मिलेगी। जब मध्यम वर्ग के पास अधिक धन बचेगा तो वे अधिक खर्च और निवेश करेंगे, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

**- किशोर बरड़िया, सीए**

### स्वास्थ्य और शिक्षा से उम्मीद जगाने वाला बजट



केंद्रीय बजट मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए मरहम है। बजट महंगाई, बेरोजगारी, बीमारी और महंगी शिक्षा के बोझ से परेशान मध्यमवर्ग को थोड़ी राहत दिलाएगा। यह बजट आय पर छूट व किसानों को केसीसी में लिमिट बढ़ाकर सीधे तौर पर मिडिल क्लास परिवारों की जेब को राहत पहुंचाने वाला है। यह बजट युवाओं और छात्रों के लिए भी स्वागतयोग्य है। वहीं स्वास्थ्य और शिक्षा के लिहाज से उम्मीद जगाने वाला बजट है। कैंसर पीड़ितों एवं अन्य गंभीर रोगियों को राहत पहुंचाने के लिए 36 जीवनरक्षक और कैंसर की दवाओं की कीमत कम करने जैसी घोषणाओं से इन रोगों का उपचार किफायती होगा।

**- डॉ. संजय शुक्ला**, एसोसिएट प्रोफेसर, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय

### 36 जीवनरक्षक दवाएं अब सस्ती



बजट आम जनता के हितों को ध्यान रखकर तैयार किया गया है, जो स्वागतयोग्य है। 36 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम टैक्स में छूट दी गई है, जिसमे कैंसर की कुछ दवाएं आम जनता को अब सस्ती मिलेंगी। कुछ मेडिकल उपकरणों पर भी छूट का प्रावधान है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 37,226.92 करोड़ के बजट का प्रावधान है, जो सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है। सरकार द्वारा 200 नए कैंसर केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई गई है, इससे कैंसर के इलाज में तेजी आएगी।

**- अश्वनी विग**, उपाध्यक्ष, जिला दवा विक्रेता संघ

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उत्पादन में बढ़ावा



बजट में बैटरी कार, मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उत्पादन एवं उपयोग को बढ़ावा मिला है। इससे देश आत्मनिर्भता की ओर अग्रसर होगा। इस वर्ष किसानों के लिए भी क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है, इससे प्रदेश के किसान भी नवीन तकनीकों का प्रयोग फसल उत्पादन में कर सकते हैं, जिसकी कीमत अधिक होने के कारण किसान तकनीकों का प्रयोग नहीं कर पाते थे।

**- सिद्धार्थ डागा**

---

## ● कृषि विवि के 10वें दीक्षांत समारोह में 4191 को मिली उपाधि 38 स्वर्ण-रजत और कांस्य पदक भी

# युवा सोच... किसानी से परिवार का नहीं था सरोकार, नई तकनीक से खेती करने इंजीनियरिंग छोड़कर शुरू की इसकी पढ़ाई

> 'कृषि एक शानदार व्यवसाय है। इससे जुड़कर युवा देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकते हैं। कृषि की पढ़ाई के बाद विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन कृषि अनुसंधानों, प्रौद्योगिकी का उपयोग करके देश की तरक्की में भागीदार बन सकते हैं। 4191 को कृषि उपाधि के साथ ही 38 को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक देने का क्रम करते हुए कुछ इसी तरह की ऊर्जा से राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को प्रोत्साहित भी किया। इससे पहले इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें एक जैसे परिधान में छात्र-छात्राएं समारोह स्थल तक पहुंचे।'

### उन्नत तकनीक और मशीनरी से जोड़ेंगे



स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज रायपुर से कृषि मशीनरी एवं शक्ति अभियांत्रिकी में पीएचडी करने वाली पूर्वी तिवारी ने स्वर्ण पदक और उपाधि पाने के बाद बताया कि फैमिली का कृषि से लेना-देना नहीं है, लेकिन अमेरिका जैसे देशों को कृषि उत्पादन से 75% आर्थिक मजबूती मिल रही है। प्रदेश के किसानों की बेहतरी और उन्हें उन्नत तकनीक तथा मशीनरी से जोड़ने के लिए कृषि को चुना है। बड़ी बहन आईटी फील्ड से जुड़ी हैं। मेरी रुचि कृषि में रही, इसलिए मैंने कृषि को तकनीकी क्षेत्र में दक्ष बनाने का निर्णय लिया।

### देखभाल करते बढ़ा कृषि के प्रति लगाव



ओशेन पाली ने कृषि कॉलेज रायपुर से ही पढ़ाई करने के बाद सब्जी विज्ञान में पीएचडी की। इसके लिए गरिमामय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल और उपाधि मिली। उन्होंने बताया कि कृषि कॉलेज रायपुर से ही मैंने पढ़ाई की। पिता स्व.डॉ. अशोक कुमार पाली आईजीकेवी से संबद्ध कॉलेज में प्रोफेसर थे। उनके साथ पौधों की देखभाल करते हुए कृषि के प्रति लगाव बढ़ा। इसलिए मैंने इस क्षेत्र में ही कॅरियर बनाने का निर्णय लिया। सब्जी के प्रोसेसिंग वर्क को बेहतर करने में किसानों को मदद करने का मन बनाया है।

**रायपुर।** राज्यपाल श्री डेका ने दशम दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल हुए। इस भव्य समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 तक उत्तीर्ण चार हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन व पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।



इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कांस्य पदक दिए गए। दीक्षांत उद्बोधन इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी ने दिया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश दिया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।





#### नई ऊर्जा से कृषि बेहतर होगी

समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य कृषि के साथ उद्यानिकी के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। नए अनुसंधान और तकनीक से किसान उत्पादन बढ़ा रहे हैं, आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। इसमें युवाओं का लगाव देखकर लगता है कि नई ऊर्जा से अब कृषि और बेहतर होगी। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने दीक्षांत प्रतिवेदन पेश किया। उन्होंने गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन कुलसचिव डॉ. सीपी खरे ने किया। इसके बाद मेडल व उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं ने हरिभूमि से चर्चा में अपने अनुभव साझा किए।



### लोगों के पास तकनीक का विकल्प कम



संत कबीर कृषि कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा बीएससी (कृषि) की पढ़ाई करने वाली आरती एस. जयन को बीएससी ऑनर्स के लिए गोल्ड मेडल मिला। उन्होंने बताया कि खेती-किसानी से फैमिली का भी किसी तरह का सरोकार नहीं रहा है, लेकिन कृषि से जुड़े लोगों के पास तकनीक का विकल्प कम मिलता है। इसे देखते हुए इस फील्ड को चुना। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था का दुनिया में तेजी से जाल फैल रहा है। वहीं देश में किसानों के पास मैकेनिज्म का अभाव है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने प्रयास करुंगी।

### कृषि से आर्थिक लाभ ज्यादा मिलेगा



स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज रायपुर से ही कृषि अभियांत्रिकी में आईजीकेवी-उत्कर्ष जैन ने बीटेक किया है। इसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल ऑनर्स के साथ यूनिवर्सिटी मेडलिस्ट, दो मेमोरियल मेडल एकेडमिक के लिए भी मिला। उन्होंने बताया कि पंडरिया में दादाजी को कृषि आधारित व्यावसाय करते देखा है। इस वजह से भी कृषि के प्रति लगाव बढ़ा। कृषि को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाने से लागत को भी कम किया जा सकेगा। इससे किसानों को आर्थिक लाभ ज्यादा मिलेगा। इस प्रयास से भी कृषि बेहतर होगी।

---

# एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए अब 2 मार्च से परीक्षा, बदला शेड्यूल

रायपुर। प्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा अब 2 मार्च को होगी। पहले यह 16 फरवरी को होने वाली थी। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की वजह से इसका शेड्यूल बदला गया है। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में एडमिशन होगा। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। पहले यह प्रवेश परीक्षा जनवरी में होने वाली थी। बाद में इसे फरवरी किया गया और अब आचार संहिता की वजह से यह परीक्षा मार्च में होगी। राज्य में कुल 74 एकलव्य विद्यालय हैं। यहां छठवीं से बारहवीं तक पढ़ाई होती है। जानकारी के मुताबिक, जनजातीय कार्य मंत्रालय व राज्य सरकार की ओर से संचालित इन विद्यालयों में आदिवासी बच्चों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की1 शिक्षा, भोजन व आवास निशुल्क दिया जाता है। गौरतलब है कि जिन स्कूलों में दो सेक्शन हैं, वहां छठवीं में 60 सीटें हैं। इसके अलावा 10 सीटें आरक्षित हैं। आरक्षित सीटें जिस ब्लाक में स्कूल है, वहां चिकित्सक और चिकित्सा विभाग के कर्मियों के बच्चों के लिए, दिव्यांग, कोविड में जान गंवा चुके माता-पिता की संतान, विधवा व दिव्यांग माता-पिता के बच्चों के लिए है। प्रवेश परीक्षा की अवधि 2 घंटे की है। यह सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

#### टीचर, लाइब्रेरियन व ट्रांसलेटर भर्ती के लिए आवेदन 6 तक





रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से टीचर, लाइब्रेरियन, ट्रांसलेटर, स्टॉफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर समेत अन्य की भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। 6 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। कुल 1036 पदों पर भर्ती होगी। इसमें बिलासपुर मंडल के 153 पद हैं। इसी तरह गुवाहाटी, कोलकाता, 'मुंबई, चेन्नई, प्रयागराज, भोपाल, पटना, मालदा, गोरखपुर, चंडीगढ़, जम्मू-श्रीनगर, अहमदाबाद, अजमेर, बेंगलुरु, रांची, सिकंदराबाद मंडल के लिए भी भर्ती होगी। आवेदन शुल्क 500 रुपए है। परीक्षा में शामिल होने पर इसमें से 400 रुपए वापस हो जाएंगे। इसी तरह महिलाओं के लिए यह शुल्क 250 रुपए है। परीक्षा में शामिल होने पर पूरे पैसे वापस हो जाएंगे। विस्तृत जानकारी रेलवे भर्ती बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की गई है।

# 'परमार्थ प्रयास' सेवा की पहल गोशाला को दी दवा और चारा

**रायपुर।** सामाजिक सरोकार के लिए काम करने वाली जेसीआई वामा कैपिटल 'परमार्थ प्रयास' सेवा के लिए अलग-अलग क्षेत्र में पहल करती है। इस क्रम में शनिवार को संस्था के सदस्य हरिओम गौशाला पचपेड़ी नाका गौसेवा के लिए पहुंचे। यह गौशाला उन गायों की देखभाल के लिए समर्पित है, जो एक्सीडेंट में घायल हो जाती हैं, संस्था को लावारिस अवस्था में मिलती हैं या गंभीर रूप से बीमार रहती हैं। इस तरह की गायों की सेवा के तहत वामा कैपिटल की टीम ने गायों को एंटीबायोटिक्स, चारा, आहार, 50 किलो गुड़ दिया, ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस आयोजन में प्रेसिडेंट आस्था बाफना, धृति शर्मा, हर्षल छाजेड़, रूपाली दुबे, गुंजन गोलेचा, रूपा सिंह, निकिता साहू प्रमुख रूप से शामिल हुईं।



### सेवा के लिए हमेशा रहेंगे तत्पर

गौसेवा के लिए प्रयास करते हुए हर्षल छाजेड़ सहित सभी मेंबर्स ने सेवाभावना के साथ गौमाता की देखभाल की। वामा कैपिटल द्वारा यह पहल समाज में दया, करुणा, सेवा के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था का उद्देश्य 'परमार्थ प्रयास' के तहत हर माह ऐसे ही समाजोपयोगी कार्यों का आयोजन करना है। जिससे जरूरतमंदों को सहायता मिले और सामूहिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके। गौशाला में आयोजित सेवा के बारे में यह जानकारी चैप्टर की पल्लवी मिश्रा ने दी। बताया कि जेसीआई वामा कैपिटल आगे भी इस प्रकार की सेवाओं के लिए तत्पर रहेगी।

---

## हरिभूमि व पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की ओर से प्राइड ऑफ इंडिया का आयोजन

**कार्नर न्यूज**

# हाथों में 2025 फीट लंबा तिरंगा लेकर हजारों बच्चों ने निकाली यात्रा

**रायपुर।** देशभक्ति का परचम लहराने शहर के हजार से अधिक युवा तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगे के प्रति प्रेम की भावना रख युवा देशभक्ति के गीत गुनगुनाते एवं तिरंगा लहराते नजर आए। इस दौरान युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां सभी देशभक्ति रंग में रंगे नजर आ रहे थे। सुबह 9 बजे कलेक्ट्रेट चौक से 2025 फीट लंबे तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, दानी गर्ल्स स्कूल, पीजी उमाठे कन्या शाला, लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संत कंवरराम शासकीय कन्या विद्यालय, खालसा स्कूल और कलिंगा यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत और हरिभूमि द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शनिवार को देशभक्ति गीत संग भारत माता की जय.....का जयकारा लगाते हुए 'प्राइड ऑफ इंडिया'तिरंगा रैली की शुरुआत की गई। जहां पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत और हरिभूमि के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने बताया कि यह कार्यक्रम लोगों में देशभक्ति और समर्पण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति में बीते साल 2008 से निरंतर यह आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष महेश दरयानी, महासचिव बलराम आहूजा, प्रदेश सचिव अमर चंदनानी, सचिव जीतू नेभवाणी शामिल हुए। मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी उपस्थित रहे।



### देशभक्ति गीतों से गूंजा शहर



तिरंगा रैली में देशभक्ति गीत हिंदुस्तान जान से प्यारा है..ऐ वतन मेरे वतन...ऐ गुजरने वाली हवा बता...ऐसा देश है मेरा..देश हमारा इस धरती पर सबसे न्यारा... की गूंज सुनने को मिली। इस दौरान विद्यार्थी 2025 फीट तिरंगा के साथ झूमते-गाते नेताजी सुभाष स्टेडियम पहुंचे। देश के वीर शहीद जवानों, लोकप्रिय नेताओं और युवा शहीदों को याद किया गया। रैली में शहर के पुलिस बल भी तैनात रहे, जिन्होंने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखा।

### बच्चों का किया सम्मान

कार्यक्रम में बच्चों से गणतंत्र-स्वतंत्रता दिवस संबंधित सवाल-जवाब भी किए गए, इस दौरान सही जवाब देने पर सभी बच्चों का सम्मान किया गया। शासकीय विद्यालय की छात्रा ने देशभक्ति गीत मेरे प्यारे वतन तुझे शत-शत नमन, दिल मेरा पुकारे वंदेमातरम...गाने की प्रस्तुति दी। प्राइड ऑफ इंडिया समारोह में जवाब देते वक्त विद्यार्थियों के चेहरे पर भी उत्साह नजर आया, ऐसे में सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, साथ ही तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी और शिक्षकों को भी मंच पर प्रशस्तिपत्र से नवाजा गया।

भाजपा व दो पूर्व निर्दलीय पार्षदों के बीच मुख्य मुकाबला

# अरविंद दीक्षित वार्ड में राशन दुकान-स्वास्थ्य केंद्र बड़े मुद्दे

**वार्ड नंबर - 56**
**ले. अरविंद दीक्षित वार्ड**

| | |
|---|---|
| वार्ड-56 में कुल मतदाताओं की संख्या | - 16475 |
| पुरूष मतदाता | - 8271 |
| महिला मतदाता | -8203 |
| तृतीय लिंग | -1 |




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक-56 में इस बार पार्षद चुनाव में राशन दुकान और स्वास्थ्य केंद्र बड़ा मुद्दा है। इस वार्ड में 16 हजार से ज्यादा मतदाता हैं, जबकि जनसंख्या करीब एक लाख से अधिक है। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इस वार्ड में अब तक एक भी उचित मूल्य की दुकान नहीं है और न ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। इसके अलावा वार्ड में लगातार नशाखोरी व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ रहा है, जिससे वार्ड वासियों में असुरक्षा का भी भय बना हुआ है। इस वार्ड से पार्षद पद के लिए खड़े सभी दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी मूलभूत सुविधाओं के साथ इन मुद्दों को लेकर भी जनता के बीच जा रहे हैं। इस वार्ड को पंचायत राज से नगर निगम में शामिल हुए दो दसक हो चुके हैं। इन दो दसक में इस वार्ड में भाजपा-कांग्रेस एक-एक बार और दो बार एक ही परिवार के निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में इस वार्ड से इस बार भाजपा-कांग्रेस सहित कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 6 निर्दलीय हैं।



### भाजपा प्रत्याशी सचिन मेघानी

भाजपा प्रत्याशी सचिन मेघानी ने कहा कि पंचायत रात से नगर निगम में शामिल हुए वार्ड को 20 साल हो चुके हैं। इतने लंबे समय के बाद भी उनके वार्ड में अब तक एक भी राशन दुकान एवं स्वास्थ्य केंद्र खुला नहीं है। इस वार्ड से चार बार पार्षद बदल चुके हैं, लेकिन किसी ने भी वार्ड में राशन दुकान या स्वास्थ्य केंद्र खोलने की पहल नहीं की है। उन्होंने कहा कि ये दोनों मुद्दे उनकी प्राथमिकता में है। इसके साथ ही वार्ड में नशाखोरी एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ रहा है। स्ट्रीट लाइटें बंद होती है तो सुधारने में महीनों लग जाते है, इसलिए लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर वार्ड में सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी।



### निर्दलीय प्रत्याशी नानू ठाकुर

निर्दलीय प्रत्याशी नानू ठाकुर राजेंद्र प्रसाद वार्ड की पूर्व पार्षद संध्या ठाकुर के पति है।वर्तमान में वे राजेंद्र प्रसाद वार्ड में रहते है, लेकिन इससे पूर्व वे अरविंद वार्ड में रहते थे, इसलिए यहां की जनता भी उन्हें भली-भांति जानती है। नानू ठाकुर ने कहा कि जिस वार्ड से वह चुनाव लड़ रहे हैं, उस वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वार्ड में अब तक एक भी राशन दुकान खुल नहीं पाई है। इसके कारण इस वार्ड के लोग राजेंद्र प्रसाद वार्ड में संचालित राशन दुकानों में जाकर राशन सामग्री लेते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता इस वार्ड में राशन दुकान खोलने की रहेगी।

### भाजपा प्रत्याशी सहित दो पूर्व निर्दलीय पार्षदों के बीच मुख्य मुकाबला

वार्ड में जिस तरह से प्रत्याशियों का चुनाव-प्रचार का जोर है, उसके अनुसार वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा है। इनमें भाजपा प्रत्याशी सचिन मेघानी के अलावा पूर्व निर्दलीय पार्षद पति नानू ठाकुर एवं पूर्व निर्दलीय पार्षद गोविंदा मिश्रा हैं। नानू ठाकुर की पत्नी इससे पूर्व चुनाव में राजेंद्र प्रसाद वार्ड की पार्षद रही हैं। यह वार्ड अब ओबीसी वर्ग हो गया है, इसलिए नानू ठाकुर अब अरविंद दीक्षित वार्ड से चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार गोविंद मिश्रा और उनकी पत्नी एक-एक बार अरविंद दीक्षित वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत चुके हैं। इससे पूर्व इस वार्ड के पार्षद आकाश दीप कांग्रेस से थे। इस बार उनकी टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह नए प्रत्याशी सुरजीत साहू को उतारा गया है। इस तरह भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी ने इस सीट से नये चेहरों को मौका दिया है। चूंकि इस वार्ड से पूर्व में कांग्रेस का पार्षद रहा है और क्षेत्र में विकास कार्य भी नहीं हुए है, जिसके कारण जनता भी बदलाव चाहती है। इस दृष्टि से इस वार्ड में भाजपा और पूर्व निर्दलीय पार्षदों के बीच मुख्य मुकाबला होने की ज्यादा संभावना है।

# हर बार पार्टी पार्षद बदलने का ट्रेक, त्रिकोणीय मुकाबला

**रायपुर।** अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल के नाम से बने वार्ड का ट्रेंड ही कुछ निराला है। यहां एक ही पार्टी के पार्षद को मतदाता ने दोबारा रिपीट नहीं किया। अब तक के हुए निकाय चुनाव में 2 बार भाजपा प्रत्याशी का कब्जा रहा, वहीं दो बार कांग्रेस के पार्षद इस वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बने, पर लगातार 2 बार किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी को जनता ने यहां रिपीट नहीं किया। यानी कांग्रेस के बाद भाजपा फिर कांग्रेस यह ट्रेंड अब तक बरकरार है। इस बार के वार्ड चुनाव में रोचक बात ये भी रही कि वार्ड परिसीमन के समय पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड को विलय होने से बचाने के लिए संघर्ष करने वाले सिटिंग पार्षद और एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी का टिकट काटकर कांग्रेस ने लालबहादुर शास्त्री वार्ड के पार्षद कामरान अंसारी को टिकट दे दिया। टिकट कटने से नाराज आकाश तिवारी कांग्रेस से बगावत कर वार्ड से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा ने संघ के स्वयंसेवक ज्ञानचंद चौधरी को पार्षद का टिकट दिया है।

**वार्ड नंबर - 34**
**पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | : | 12,118 |
| पुरुष मतदाता | : | 5,839 |
| महिला मतदाता | : | 6,277 |
| तृतीय लिंग | : | 02 |

**शामिल एरिया :** इंद्रावती कालोनी, क्रिश्चियन कालोनी, फारेस्ट कालोनी, दुर्गा चौक, यादव पारा, गांधी चौक, फरीद बिल्डिंग, रवि नगर, गोविंदनगर, ईएससी कालोनी। नए इलाके जुड़े-नई बस्ती शिव मंदिर चौक, आदर्श चौक, रजा चौक राजातालाब एरिया गली नंबर 1 से 5 तक।

**वार्ड को विलय होने से बचाने वाले का टिकट कटा, कामरान को कांग्रेस ने बनाया प्रत्याशी**

**आमने-सामने**

### पांच साल में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार हुआ, विकास ठप

कांग्रेस शासन काल में पिछले पांच साल तक वार्ड विकास का कार्य ठप रहा। उपर से नीचे तक भ्रष्टाचार हुआ। पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में जो विकास कार्य हुए उसे श्रेय लेने निवृत्तमान पार्षद अपने कार्यकाल का बता रहे हैं। वे 5 साल तक केवल फोटोबाजी करते रहे। काम रत्ती भर नहीं हुआ। जनता ने यदि उन्हें मौका दिया तो वे ट्रिपल एस पर काम करेंगे। यानी शिक्षा, स्वास्थ्य और वार्ड की स्वच्छता पर फोकस रहेगा। स्लम बस्ती में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने योजना बद्ध काम करेंगे। चंद्रशेखर आजाद क्लब संस्था के माध्यम से वर्ष 2007 से वे जनहित के कार्य करते आ रहे हैं।



ज्ञानचंद चौधरी
भाजपा प्रत्याशी

### आरोप निराधार, शहर का पहला टैंकर मुक्त वार्ड बनाया

निवृतमान पार्षद और पूर्व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने अपने उपर लगे आरोप को निराधार बताया है। उनका कहना है, उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें बेस्ट पार्षद का अवार्ड मिला। वार्ड में पहले पेयजल की समस्या रही 7 पाइंट पर हर साल पानी टैंकर चलते थे, पानी की समस्या दूर हमने वार्ड को टैंकर मुक्त वार्ड बनाया। लोगों को स्वास्थ्य सुविधा वार्ड में ही उपलब्ध कराने हमर अस्पताल का निर्माण करवाया। शिक्षा की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराई। अंडरग्राउंड केबलिंग की व्यवस्था, नये सामुदायिक भवन निर्माण और बगीचों का सौंदर्यीकरण कर सुंदर स्वरूप दिया गया।



आकाश तिवारी
निर्दलीय प्रत्याशी

दो दशक पहले नगर निगम में अस्तित्व में आये पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में साल 2004 में हुए वार्ड चुनाव में भाजपा के सुरजीत सिंह हुंजन पहली बार वार्ड के पार्षद बने। तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में उन्हें जोन अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद इसी वार्ड से 2009 के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी लखवंत सिंह गिल पार्षद चुने गये। 2014 में भाजपा प्रत्याशी लता-सुनील चौधरी चुनाव जीतकर पार्षद बनी। पिछले बार के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी सुनील चौधरी को मात देते हुए पार्षद पद की कुर्सी अपने नाम की।

**वार्ड नंबर-25**
**संत रामदास वार्ड**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | : | 15,622 |
| पुरूष मतदाता | : | 7,726 |
| महिला मतदाता | : | 7,883 |
| तृतीय लिंग | : | 13 |

# अवैध शराब बिक्री, निराश्रित पेंशन और कर्मा चौक बाजार में पानी, बिजली की समस्या के मुद्दे पर चुनाव

**रायपुर।** दो दशक पुराने संत रामदास वार्ड में पांचवी बार पार्षद चुनने चुनावी बिसात बिछ चुकी है। वार्ड में 3 बार भाजपा का डंका बजा, वहीं 1 बार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने जीत का परचम लहराकर जनता का दिल जीता। चुनाव में भाजपा के निवृतमान पार्षद भोलाराम साहू दोबारा चुनाव जीतने दम लगा रहे हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी तरुण श्रीवास वार्ड में निराश्रित पेंशन और अवैध शराब बिक्री को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान पर ताल ठोकते दिख रहे हैं। वार्ड में इस बार शीतलापारा राजीवनगर और डोला कुंआ क्षेत्र नया जुड़ा है, इससे 2 हजार मतदाता बढ़ गये हैं। नगर निगम जोन 7 कमिश्नरी का संत रामदास वार्ड का इतिहास 20 साल पुराना रहा है। 2004 में पहली बार हुये वार्ड चुनाव में भाजपा से छेदीलाल केशरवानी पार्षद का चुनाव जीतकर आये। इसके बाद 2009 में वे दोबारा इस वार्ड से भाजपा के टिकट पर पार्षद बने। 2014 के नगर निगम चुनाव में इस वार्ड से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी प्रीति-तरुण श्रीवास ने भाजपा प्रत्याशी कल्पना वर्मा को चुनाव में शिकस्त देकर पार्षद पद का चुनाव जीता। 2019 में हुए निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भोलाराम साहू ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी तरूण श्रीवास को हराकर विजय का स्वाद चखा।

**आमने-सामने**

### आरोप निराधार, 5 साल के विकास कार्य से जनता वाकिफ

संत रामदास वार्ड के निवृतमान पार्षद भोलाराम साहू ने खुद पर लगाये गये आरोप को निराधार बताया है। उनका कहना है कि पिछले 5 साल में जो विकास कार्य हुये उससे वार्ड की जनता अच्छी तरह से वाकिफ है। पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के कार्यकाल में रामनगर में नई पानी टंकी बनाई गई। पूरे वार्ड में पाइप लाइन बिछाने का काम हुआ। बिजली आफिस के पास पुराना शराब गोडाउन है, जहां शहरभर से रिजेक्टेड शराब स्टोर किये जाते हैं। चोरी छिपे इसे असामाजिक तत्व निकाल रहे हैं, इससे कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। निराश्रित पेंशन के लिए 2007 के बाद से देशभर में सर्वे नहीं हुआ है, केन्द्र स्तर पर यह कार्य होना है। इसकी मांग की गई है। पिछले कार्यकाल में कलिंग नगर रोड डामरीकरण, छोटा रामनगर में प्रसूता के लिए 24 घंटे वाला 7 बिस्तर का अस्पताल निर्माण करवाया।



भोलाराम साहू
भाजपा प्रत्याशी

### जनता संतुष्ट नहीं, विकास कार्य रहा ठप

वार्ड की जनता निवृतमान पार्षद के कार्य से संतुष्ट नहीं है। पिछले पांच साल में विकास कार्य ठप रहा। 4 साल में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने वार्ड विकास के लिए जो कार्य कराये उस कार्य का श्रेय निवृतमान पार्षद ले रहे हैं। वार्ड में अवैध शराब बिक्री प्रमुख समस्या है। नाथूपारा और कलिंग नगर में अवैध शराब बिक्री से जनता त्रस्त है। दूसरी प्रमुख समस्या 60 साल से अधिक आयु के निराश्रितों के पेंशन को लेकर है। 2007-08 के बाद निराश्रित पेंशन का सर्वे नहीं होने से कई गरीब व बेसहारा निराश्रित पेंशन से वंचित हैं। इसी तरह कर्मा चौक के बाजार में बिजली और पानी की समस्या आज तक दूर नहीं हो पाई। 2014 में हुये विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उस समय कांग्रेस शासन काल में भारतमाता चौक पर 51 लाख लीटर की क्षमता की पानी टंकी बनवाई गई। भारतमाता चौक से बजरंग चौक तक सड़क निर्माण और कर्मा चौक से सीएसईबी चौक तक सड़क डामरीकरण कराया।



तरुण श्रीवास
कांग्रेस प्रत्याशी

## महापौर प्रत्याशियों में मीनल सहित पांच करोड़पति महिलाएं





मीनल के पास 4 करोड़ की चल-अचल संपत्ति, दीप्ति 84 लाख की आसामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में महापौर के लिए 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। 16 में से पांच प्रत्याशी करोड़पति हैं, इनमें से सबसे ज्यादा संपत्ति भाजपा की मीनल चौबे ने अपने शपथ पत्र में दर्शाई है। उनके पास लगभग 4 करोड़ की चल, अचल और पॉलिसी हैं। दूसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा अग्रवाल हैं, जिनके पास लगभग तीन करोड़ की संपत्ति है। इनके साथ ही बसपा की डॉ. सितारा खान के पास 1.76 करोड़, छत्तीसगढ़ जोहार पार्टी की चांदनी साहू के पास 1.56 करोड़, शक्ति सेना पार्टी से महापौर प्रत्याशी सविता बंजारे के पास 1.31 करोड़ की संपत्ति है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी संपत्ति के मामले में छठे नंबर पर हैं। कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे के पास लगभग 84 लाख की चल-अचल संपत्ति है। महापौर के लिए चुनाव मैदान पर डटी 16 महिला प्रत्याशियों में से किसी भी का कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड ही नहीं है। साथ ही 7 प्रत्याशियों के पास अपना घर या अचल संपत्ति नहीं है। वहीं, 6 प्रत्याशी पर बैंक में देनदारी है। इन प्रत्याशियों में से 11 के पास अपना कोई भी वाहन नहीं है। 5 के पास ही अपनी दोपहिया या चारपहिया वाहन हैं। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों भी उस लिस्ट में शामिल हैं, जिनके पास अपने वाहन नहीं हैं।

- निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा अग्रवाल 3 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर

### मीनल के पास 40 लाख का सोना

महापौर के उमीदवारों में सबसे अमीर मीनल चौबे हैं। उनके पास 2 करोड़ 96 लाख की अचल संपत्ति, बैंक खाते में 45.11 लाख रुपए जमा हैं। उनके पास 40 लाख रुपए के सोना के आभूषण हैं। उनके पास नकदी 7 लाख 54 हजार रुपए है। यदि उनकी पॉलिसी और सभी संपत्तियों की बात की जाए तो उनकी संपत्ति लगभग 4 करोड़ 15 लाख रुपए हैं। उसके बाद सुषमा अग्रवाल की चल और अचल संपत्ति लगभग 3 करोड़ 12 लाख है।

# नितिन नवीन की उपस्थिति में आज बनेगी रायपुर निगम चुनाव की रणनीति

## दुर्ग संभाग की बैठक और राजनांदगांव निगम को लेकर भी होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यहां पर रणनीति बनाने के लिए शनिवार को पहुंचे। रविवार को वे पहले दुर्ग जाकर दुर्ग संभाग की बैठक लेंगे। यहां पर राजनांदगांव नगर निगम चुनाव को लेकर भी बैठक होगी।

इसके बाद शाम को यहां आकर रायपुर नगर निगम चुनाव को लेकर यहां पर चुनाव समिति के पदाधिकारियों के साथ रणनीति बनाएंगे। नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा का बड़ा फोकस सभी दस नगर निगमों पर है। भाजपा सभी निगमों में जीत के लिए रणनीति बना रही है। इसको लेकर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। नाम वापसी के होते ही यहां पर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शनिवार की सुबह को पहुंचे। विमानतल पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ अन्य पदाधिकारियों ने किया। यहां से वे सीधे बिलासपुर के लिए रवाना हुए और वहां पर पहले उन्होंने बिलासपुर संभाग की बैठक ली। इसमें बिलासपुर संभाग के नगर निगम और नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को लेकर पूरी जानकारी ली। इसके बाद बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ नगर निगमों की अलग-अलग बैठक करके चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। अब रविवार को भी दुर्ग और रायपुर में दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। दुर्ग संभाग की बैठक में वहां के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के बारे में पूरी जानकारी लेंगे। इसके बाद राजनांदगांव नगर निगम की अलग से बैठक होगी। वहां से रायपुर आकर यहां पर रायपुर नगर निगम को लेकर बैठक लेंगे।





### भाजपा कल जारी करेगी अपना नगरीय निकाय चुनाव का घोषणापत्र

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र तैयार करने का काम अंतिम चरण पर है। भाजपा अपना घोषणा पत्र तीन फरवरी को जारी करेगी। भाजपा ने घोषणा पत्र के लिए प्रदेशभर से सुझाव भी मंगाए हैं। भारी संख्या में सुझाव आए हैं। इन पर चर्चा करके इनको घोषणा पत्र में शामिल करने का काम किया जा रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को घोषणा पत्र समिति की फाइनल ड्राफ्ट की बैठक हुई। बैठक में घोषणा पत्र समिति के संयोजक पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू उपस्थित थे। संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा, हमने नगरीय क्षेत्र के समग्र विकास के दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है। शहरों का विकास कैसे हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र के विकास के इस दस्तावेज में प्रदेश वासियों के महत्वपूर्ण सुझाव संकलित किए गए हैं। घोषणा पत्र समिति की ओर से जारी नंबर व्हाट्सएप नंबर 9111014400, ईमेल आईडी व क्यूआर स्कैनर से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। आंकड़ों के मुताबिक व्हाट्सएप से 1115 ई-मेल से 310, और क्यूआर स्कैनर से 2086 सुझाव पूरे प्रदेश से प्राप्त हुए हैं।

**सीएम करेंगे जारी**

नगरी निकाय चुनाव का घोषणा पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में तीन फरवरी को 12 बजे भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जारी किया जाएगा। बैठक में घोषणा पत्र समिति के सदस्यों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल कर अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू, राकेश सेन, राकेश पांडेय, पूर्व महापौर अंबिका यदु, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रवक्ता दीपक म्हस्के, शशांक शर्मा, उज्जवल दीपक, हेमंत पाणिग्रही मौजूद थे।

**चुनावी हलचल**

### मदर टेरेसा वार्ड 47 के मुख्य कार्यालय उद्घाटन



**रायपुर।** मदर टेरेसा वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी संतोष साहू के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने इंदिरा चौक श्याम नगर में किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा साहू, भाजपा जिला मंत्री हरीश ठाकुर, सोनू सलूजा, छाया पार्षद दीपक भारद्वाज, पंकज प्रधान, कुबेर सपहा, मित्रसेन धीमान, गुरमीत टोनी, अजित खुरा, प्रवीण साहू, सुमित यादव, बबलू पाठक, बिट्टू, गोल्डी बेदी, पप्पू सलूजा, प्रकाश यादव, समीर यादव, मनीष ठाकुर, नीलू साहू, प्रशांत ठाकुर, मिली बेनर्जी, अमृत चौहान, मेरी वर्गीस, कमल रंधावा, गौरी राव, बेदी प्रधान, कामिनी साहू, मीना केंवट, सुमित खुरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चुनाव प्रचार में मतदान के लिए भी जागरूक कर रहीं ममता सोनू तिवारी



**रायपुर।** सियासत में संकल्प और समर्थन बेहद जरूरी होते हैं, संकल्प जनप्रतिनिधि का होना चाहिए और समर्थन जनता का मिलना चाहिए, और ऐसा अगर होता है, तो फिर वैसी ही तस्वीर नजर आती है, जैसा अब की बार निकाय चुनाव में भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 में नजर आ रहा है, बात बीजेपी प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के चुनाव प्रचार की हो रही है, जो कि अलसुबह ही अपने समर्थकों के साथ वार्ड के घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही हैं। अहम बात ये है कि आम मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक भी कर रही हैं, जो कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है। बात जमीनी हकीकत की करें तो वार्डवासी पहले से ही ममता सोनू तिवारी की सादगी और मिलनसार व्यक्तित्व से बेहद प्रभावित है। वार्ड में श्रीमति तिवारी ने एक मिसाल कायम की है। वार्डवासियों को देखकर खुशी हो रही है कि उनके बीच की एक महिला अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ राजनीति में पदार्पण कर चुकी है। वार्डवासियों के अपार समर्थन का पता इसी बात से चल जाता है कि वार्डवासी अभी से ममता सोनू तिवारी से अपनी परेशानी साझा कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें श्रीमति तिवारी में अपने वार्ड का भावी पार्षद नजर आ रहा है। दूसरी तरफ श्रीमति तिवारी भी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान का भरोसा दे रही हैं। वार्ड चुनाव में समर्थन का आलम ये है कि महिलाओं और युवाओं के बीच उनकी खासी पैठ दिखाई दे रही है। शनिवार को ममता तिवारी के समर्थन में महिलाओं और युवाओं ने विशाल रैली निकाली। ये रैली शीतला पारा-यादव पारा से गुजरी, जहां सघन जनसंपर्क किया गया। कुल जमा हासिल ये है कि हर दिन के साथ ममता तिवारी की दावेदारी और ज्यादा मजबूत होती जा रही है।

## नगरीय निकाय चुनाव में जोगी कांग्रेस ने दिया कांग्रेस को समर्थन

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज को जोगी कांग्रेस की पार्टी सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी द्वारा लिखित समर्थन पत्र सौंपा। श्री बैज ने समर्थन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया समर्थन पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की कोर कमेटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के द्वारा पार्टी राज्य के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील ताकतों के बीच एकता और सहयोग का महत्व समझते हैं, इसलिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का कांग्रेस पर दृढ़ विश्वास है। कांग्रेस पार्टी जनसेवा के अपने समृद्ध इतिहास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, नगर निगमों को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने के लिए सबसे उपयुक्त पार्टी है। पार्टी का समान विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन का विजन हमारे अपने सिद्धांतों और छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं के साथ मेल खाता है। साम्प्रदायिक ताक़तों को रोकने और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने के उद्देश्य से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा करती है।



बिजनेस साइट

# साइंस कॉलेज में आयोजित ऑटो एक्सपो में नई बाइक्स की लॉन्चिंग, वाहनों की बिक्री में तेजी






**रायपुर।** साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित ऑटो एक्सपो में शनिवार को केंद्रीय बजट की चर्चा जोरों पर रही, जिसे व्यापार उद्योग ने सकारात्मक माना। खासकर ऑटोमोबाइल डीलर्स खुश नजर आए। वीकेंड के कारण इस दिन एक्सपो में ज्यादा भीड़ देखने को मिली।

31 जनवरी को 954 वाहनों की बिक्री के साथ कुल 13,415 वाहन बिक चुके हैं। इस अवसर पर ट्रायम्फ की दो नई बाइक्स राकेट और स्टार्म की शानदार लांचिंग हुई। इन बाइक्स की डिजाइन और फीचर्स ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसके अलावा स्टॉल पर लोग वाहनों की जानकारी ले रहे थे और टेस्ट राइड कर रहे थे। जावा येजदी के स्टॉल पर एक कपल ने बाइक्स की तारीफ की और इसे आकर्षक और दमदार बताया। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि ऑटो एक्सपो में सभी सेगमेंट की व्हीकल्स उपलब्ध हैं और आसान फाइनेंस की सुविधा भी मिल रही है। उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए ईवी बैटरी निर्माण में छूट का उल्लेख किया।

# इमरजेंसी वाले मरीजों के लिए आंबेडकर अस्पताल में फिर से शुरू होगा एल-2 ट्रामा का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




आपात स्थिति में आने वाले गंभीर मरीजों के लिए आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा का काम फिर से शुरू होने का अनुमान है। करीब पांच साल पुरानी योजना का काम तीन से चार अवरोधों की वजह से अब तक शुरू नहीं हो पाया है। अंतिम बार निर्माण एजेंसी तय करने और स्थल पर बेस बनाने का काम प्रारंभ कर दिया था, इस दौरान क्रिटिकल केयर की योजना की वजह से मामला अटक गया था।

- पांच साल पुरानी योजना, अवरोधों की वजह से शुरू नहीं हो पाया काम

पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने आंबेडकर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एल-2 ट्रामा से संबंधित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित समिति और पीडब्लूडी के अधिकारियों को दिया था, जिससे इसका निर्माण आने वाले दिनों में शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। वर्तमान में अस्पताल का ट्रामा 3 केटेगरी का है, पांच साल पहले इसका विस्तार कर दूसरी श्रेणी का बनाने के लिए केंद्र सरकार से लगभग सवा करोड़ की राशि दी गई थी और शेष रकम राज्य सरकार को वहन करना था।

### पहले हां फिर ना..

एल-2 ट्रामा बनाने के लिए स्थल चयन के लिए भी प्रशासनिक अधिकारियों का विचार बदलता रहा। शुरुआती दौर में आंबेडकर प्रतिमा के बगल की जमीन को चिन्हित कर प्रारंभिक तोड़फोड़ शुरू की गई थी। उस दौरान ओपीडी गेट का बदलाव भी किया गया था। कुछ समय बाद आए नए अफसर को जगह पसंद नहीं थी इसलिए उन्होंने नया स्थान तलाशने का निर्देश दिया। कुछ सालों तक मामला अटका रहा फिर पुराने अधिकारी की पुनः वापसी हुई, निर्माण को फिर से शुरू करने के निर्देश दिए गए। मौजूदा राशि के आधार पर एजेंसी तय करने के फिर से काम शुरू हुआ कि अचानक क्रिटिकल केयर यूनिट का मामला सामने आ गया।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै का रायपुर दौरा




**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै का एक दिवसीय दौरे पर रायपुर आगमन हुआ।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की और राज्य में शाखा विस्तार एवं वित्तीय समावेशन के लिए भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। इस बैठक में समाज के कमजोर वर्ग में ऋण वितरण को बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में ऋण विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही रायपुर में एक ऋण लिंकेज शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विभिन्न स्वसहायता समूहों को सहायता राशि के रूप में चेक वितरित किए गए। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत, फोटोकॉपी मशीन और दोना-पत्तल मशीन जैसे उपकरण भी सहायता स्वरूप प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सुश्री मणिमेखलै ने बैंक के स्टाफ को संबोधित करते हुए ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने अनुभव साझा किए और उन्हें मार्गदर्शन दिया।

# बजट 2025-26 में स्वास्थ्य और मध्यम वर्ग के लिए राहत : डॉ. नायक



**रायपुर।** श्री बालाजी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने इस वर्ष के प्रस्तावित बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र, विशेष रूप से मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में सभी जिलों में डे-केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए एक सकारात्मक कदम है। इसके अलावा, फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों को कर नियमों में दी गई राहत से उद्योग को लाभ होगा। टैक्स स्लैब दरों में राहत मिलने से मध्यमवर्गीय परिवारों को भी विशेष लाभ होगा। हॉस्पिटल के सीए नितिन पटेल ने बजट को मध्यम वर्ग के लिए फायदेमंद बताया।

उनका मानना है कि टैक्स स्लैब में बदलाव से लोगों की वित्तीय क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे उनकी खरीद क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के केसीसी लिमिट में बढ़ोतरी से राहत मिलेगी। इसके अलावा, बढ़ी हुई टर्म-लोन सुविधाओं से उभरते स्टार्ट-अप्स, महिलाओं और नए उद्यमियों को भी फायदे की उम्मीद है।




# शिक्षा भूमि

Admissions Open 2025-26




बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## बसंत पंचमी: ज्ञान और उल्लास का पर्व

बसंत पंचमी हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास की शुक्ल पंचमी को मनाई जाती है। यह पर्व ज्ञान, संगीत, कला और विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस दिन विशेष रूप से छात्र, कलाकार और विद्वान देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं और उनसे ज्ञान व बुद्धि की प्रार्थना करते हैं।

इस दिन पीले वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है, क्योंकि पीला रंग समृद्धि, ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक होता है। खेतों में सरसों के पीले फूल इस मौसम की सुंदरता को और भी बढ़ा देते हैं। पतंगबाजी भी इस दिन का एक प्रमुख आकर्षण होती है, खासकर उत्तर भारत में।

बसंत पंचमी न केवल माँ सरस्वती की आराधना का पर्व है, बल्कि यह ऋतु परिवर्तन का भी संदेश लाती है। इस दिन लोग उत्साह और उमंग से भरकर नई ऊर्जा के साथ अपने कार्यों की शुरुआत करते हैं।

Contact for ad 7987119756









# सीएम साय बोले- बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज



■ किसान, युवा, महिलाओं के साथ मध्य वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी जी पूछते हैं। समाज के मध्य वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है।

श्री साय ने कहा, जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री श्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है। श्री साय ने कहा, यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

## किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियां

इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

## रोजगार सृजन के प्रावधान

सीएम श्री साय ने कहा, देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई को लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा।

## छत्तीसगढ़ के लिए प्रावधान

सीएम श्री साय ने कहा, आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा। आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत के विकसित भारत बनने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। यह बजट भारत में निवेश की संभावनाओं को प्रबल करेगा और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की संभावनाओं को बल देगा।

## आम बजट पर नेताओं और कारोबारियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# भाजपा नेता बोले- देश के विकास को ऊंची उड़ान देने वाला बजट, कांग्रेस ने बताया हर वर्ग को छलने वाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के केंद्रीय बजट को जहां एक तरफ भाजपा नेताओं ने देश के विकास को ऊंची उड़ान देने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है, वहीं इस बजट को कांग्रेस के नेताओं ने हर वर्ग को छलने वाला और छत्तीसगढ़ को कुछ न देने वाला बजट बताया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा, बजट भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की अवधारणा से परिपूर्ण समावेशी और विकास को एक ऊंची उड़ान देने वाला और क्रांतिकारी बदलाव के साथ एक सुदृढ़ और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने वाला है।

## हर वर्ग का रखा ध्यान : किरण देव



श्री देव ने कहा, बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसमें देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्ग को जहां 12 लाख की सालाना आय को टैक्स मुक्त करते हुए किसानों को 5 लाख रुपए तक के लोन में छूट दी है। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पीएम धन-धान्य योजना के दायरे को बढ़ा दिया है। इससे खेती-किसानी में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। साथ किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। एक करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इस बजट में सबका साथ सबका विकास की अवधारणा का एक वृहद स्वरूप है। जिसमें समाज के सभी वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के लिए कई बड़ी सौगातें शामिल है। श्री देव ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने यहां डबल इंजन की सरकार बनाकर प्रदेश को विकास के पथ ला दिया है। केंद्रीय बजट में पीएम मोदी की सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है, इससे छत्तीसगढ़ के विकास को और रफ्तार मिलेगी और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रदेश की बड़ी भूमिका होगी।

## बजट में जन-जन का ख्याल : अरुण साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, केंद्रीय बजट में जन-जन का ख्याल रखा गया है। आज केंद्रीय योजनाओं के संचालन और धरातल पर उतारने का काम हमारी विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। देश की जीडीपी में छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्रीय बजट का लाभ प्रदेश की जनता को भी मिलेगा। 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पहली बार उद्यमिता शुरू करने वालों के लिए योजना शुरू की जाएगी। यह अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन प्रदान करेगी। इस योजना में स्टैंड-अप इंडिया योजना से प्राप्त अनुभवों को शामिल किया जाएगा।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बजट एक बड़ी संजीवनी : विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, केंद्रीय बजट में ग्रामीण अंचलों में रोजगार बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आज मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। इस बजट के प्रावधानों से यह आकड़ा और बढ़ेगा। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस की सरकार में देश का रक्षा बजट केवल 2 लाख करोड़ का होता था आज यह बजट लगभग 7 लाख करोड़ हो गया है। श्री शर्मा ने कहा यह बजट सरकार की विकास की गति को बढ़ाने वाला है। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार का सुधार होगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, और छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा।

## बड़े व्यवसायों और कॉर्पोरेट्स के हितों को प्राथमिकता देता है बजट

सीटू छत्तीसगढ़ के सचिव धर्मराज महापात्र ने भाजपा, एनडीए सरकार के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 की कड़ी निंदा की है। सीआईटीयू ने इस बजट को सरकार की पूंजीवादी और जनविरोधी नीतियों का प्रतीक बताते हुए कहा है कि कथित तौर पर जनहित और विकास के बजाय इस सरकार की कार्पोरेट परस्ती का प्रमाण है। सीआईटीयू ने बजट में आर्थिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को नजरअंदाज करने के लिए आलोचना की है, जो 2023-24 में सैलरीड और स्वरोजगार करने वाले श्रमिकों की मजदूरी, आय की स्थिति को उजागर करता है। कॉर्पोरेट लाभ 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद मजदूरी और आय अभी भी पूर्व-कोविड स्तर से नीचे है, जिससे आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है। सीआईटीयू का तर्क है कि बजट बड़े व्यवसायों और कॉर्पोरेट्स के हितों को प्राथमिकता देता है।

## सर्व समावेशी बजट : केदार कश्यप



वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह बजट देश के गरीबों, अन्न दाताओं, युवाओं, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला सर्व समावेशी बजट है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व के कारण इस बजट हमारे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए आय को कर मुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निश्चित तौर पर इस जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन-जन लाभान्वित होगा।

## देश की खुशहाली का बजट : सांसद बृजमोहन



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आम बजट देश की समृद्धि एवं खुशहाली का बजट है। इसमें मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा, किसान, गरीब, महिला, युवा, विद्यार्थी और देश की सुरक्षा सभी का भरपूर ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत देते हुए कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए वार्षिक कर दिया गया है, जिससे लाखों करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। एमएसएमईसरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब तक 7.5 करोड़ युवाओं को रोजगार देने वाले इस क्षेत्र की कारोबार सीमा को और बढ़ाया जाएगा। स्टार्टअप्स को 20 करोड़ रुपए तक का लोन देने की घोषणा की गई है, वहीं माइक्रो उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए के क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

## आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट : धरमलाल कौशिक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, केंद्र का यह बजट राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह बजट 3डी को समर्पित है अर्थात डी फॉर - डेवलपमेंट, डी फॉर - डिमांड, डी फॉर - डिजिटाइजेशन डेवलपमेंट के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना। डिमांड से समाज में समग्र पूर्ति की बातें और डिजिटलाइजेशन से समाज में नए भारत और विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का फैसला लिया गया है। बजट में हर वर्ग की इसमें चिंता की गई है।

## बजट में छत्तीसगढ़.के लिए कुछ नहीं : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला घोर निराशाजनक बजट है। दावा था 8 से 9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ रेट का लेकिन हकीकत 7 प्रतिशत से कम है। मोदी सरकार का फोकस केवल बिहार चुनाव पर है, जहां इसी वर्ष अक्टूबर, नवंबर में चुनाव है। मखाना बोर्ड केवल बिहार के लिए है। देश के बाकी किसान भाजपा सरकार के फोकस में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के नई राजधानी में एम्स का अपोजिट पिछले 3 साल से अटका है इस बजट में उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रावघाट सहित नई रेल लाइन रायपुर- बलौदा होकर रायगढ़ का अब तक सर्वे तक नहीं करवा पाए हैं।

## सुधार की आवश्यकता



शिक्षा, रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कुछ अहम घोषणाएं की गई हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति की 5 लाख माताओं-बहनों के लिए 2 करोड़ तक का टर्म लोन देना बहुत प्रभावी रहेगा, लेकिन बजट में थोड़े और सुधार की आवश्यकता थी। बजट में शिक्षा को अधिक प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। एआई और उच्च शिक्षा में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। - **प्रथम राव फुटाने**, एबीवीपी

## अधिक पूंजीगत व्यय की आवश्यकता



आयकर स्लैब में परिवर्तन से लोगों की बचत अधिक होगी। इससे घरेलू मांग बढ़ेगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। राजकोषीय घाटा और राजस्व घाटा को नियंत्रण में रखना सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। देश के आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए पूंजीगत व्यय में और अधिक वृद्धि करने की जरूरत थी ताकि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आए। सभी पहलुओं को मिलाकर देखा जाए तो यह बजट महंगाई से राहत दिलाने वाला साबित होगा।

- **प्रो. बीएल सोनकर**, प्राध्यापक, रविवि

## भारत के सुखमय वर्तमान और सुनहरे भविष्य का बजट : अमित



बीजेपी छत्तीसगढ़ के प्रदेश मीडिया प्रभारी, सीए ब्रांच रायपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं महालेखाकार छत्तीसगढ़ के पूर्व सलाहकार अमित चिमनानी ने बजट को भारत के सुखमय वर्तमान और सुनहरे भविष्य का बजट बताया। उन्होंने कहा, भारत में जिस प्रकार आधारभूत संरचना के बजट को लगातार बढ़कर 2 लाख करोड़ से 11 लाख करोड़ कर दिया है, यह भारत को एक महाआर्थिक शक्ति बनाने जा रहा है।

## पहली बार बजट आम लोगों का बजट : सीए तारवानी



इनकम टैक्स बार एसोसिएशन तथा इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया रायपुर के पूर्व अध्यक्ष सीए चेतन तारवानी ने कहा कि पहली बार इस बजट को हर व्यक्ति ने सराहा है, क्योंकि यह आम लोगो का बजट है, हर व्यक्ति को लगा कि यह बजट हमारे लिए है। इनकम टैक्स में उम्मीद से ज्यादा छूट देकर करदाताओं का दिल जीत लिया है।

## टैक्स छूट स्वागतेय : संजय शर्मा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने केंद्रीय बजट में कर्मचारियों के लिए 12 लाख तक छूट के प्रावधान को स्वागतेय बताते हुए कहा कि टैक्स स्लैब भी अच्छा शेड्यूल किया गया है। नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की छूट इनकम टैक्स एक्ट की धारा 87A के तहत दी गई है, यानी नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख तक की सालाना कमाई वालों पर 4-8 लाख रुपए की कमाई लगने वाले 5% टैक्स और 8-12 लाख की कमाई पर लगने वाला 10% टैक्स सरकार माफ कर देगी।

## मुख्य उद्देश्य बाजार में मांग को बढ़ाना : देवेंद्र

कर सलाहकार देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी 3.0 के पहले बजट का मुख्य उद्देश्य बाजार में मांग को बढ़ाना है, ताकि अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके। आयकर में 12 लाख रुपए तक की छूट टीडीएस की मानक राशि में बढ़ोत्तरी से अतिरिक्त नकद प्रवाह को बल मिलेगा।

## मरीजों का वित्तीय बोझ कम करने में मिलेगी मदद



संजीवनी सीबीसीसी कैंसर अस्पताल के निदेशक और कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि कैंसर विशेषज्ञ के रूप में मैं हमारे देश के यूनियन बजट 2025 में कैंसर केयर को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल की सराहना करता हूं। अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने की योजना से विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण कैंसर सेवाओं तक पहुंच में सुधार होगा।

## चैंबर ने कहा- देश में पूंजी का निर्माण करने वाला ऐतिहासिक बजट

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, मनमोहन अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने बताया कि संसद में पेश हुए बजट को लेकर चैंबर भवन में लाइव प्रतिक्रिया दी गई। प्रस्तुत बजट में आयकर में महत्वपूर्ण छूट दी गई है, जिससे देश में पूंजी का निर्माण होगा और क्रय शक्ति बढ़ेगी। इसके फलस्वरूप उद्योग एवं व्यापार का विकास होगा और देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जिसका चैंबर स्वागत करता है। व्यापार एवं उद्योग के साथ गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी एवं वरिष्ठ नागरिकों पर आधारित यह एक संतुलित बजट है। प्रस्तुत बजट विजन 2047 समृद्ध भारत की ओर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि बजट में इनकम टैक्स में बड़ी राहत देते हुए नए टैक्स स्लैब के अंतर्गत 12 लाख की आय तक आयकर में छूट दी गई है। बजट में स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे युवा उद्यमी स्वरोजगार कर सकेंगे और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उत्तमचंद गोलछा, राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, मनोज जैन, शंकर बजाज, राकेश वाधवानी, जयराम कुकरेजा, शोएब अंसारी, टेक्नीकल टीम के सदस्य-सीए मुकेश मोटवानी, सीए साक्षी गोपाल अग्रवाल, सीए मोहित रामानी, सदस्य मोहन वर्ल्यानी सहित समस्त प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं फोटोग्राफर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## हर वर्ग को ठगा : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, इस बजट ने देश की जनता को निराश किया है। यह बजट बताता है कि मोदी सरकार के आने वाले साल भी देश की जनता के लिए अच्छा नहीं रहने वाला, बजट में कोई भी दूरदर्शिता नहीं दिख रही। युवा, किसान, मजदूर, महिला सभी इस बजट से खुद को ठगा महसूस कर रहे है। श्री शुक्ला ने कहा कि मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं, मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के बारे में कुछ भी नहीं। मनरेगा के बजट में कटौती कर दी गई है। रोजगार बढ़ाने के लिए कोई प्रावधान नहीं। युवाओं को रोजगार के नए अवसर कैसे बढ़ेंगे।

## निजी संस्थाओं के सभी कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

केंद्र की मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में आयकर में छूट की सीमा 12 लाख की घोषणा की है। अब लगभग देश के 7 करोड़ नौकरीपेशा निम्न एवं मध्यम वर्ग कर्मचारियों अधिकारियों को आयकर से मुक्ति मिलेगी, जिसमें केंद्रीय कर्मचारी राज्य सरकारों के कर्मचारी निगम मंडल के कर्मचारी निजी संस्थाओं के सभी कर्मचारी को इसका लाभ मिलेगा। 12 महीने काम करने के बाद नौकरीपेशा कर्मचारियों को मजदूरी अथवा वेतन से लगभग एक महीने का वेतन आयकर के रूप में देना होता था, जिससे घर का बजट मध्यवर्गीय कर्मचारियों का बिगड़ जाता था, अब कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### यूपी की राज्यपाल पटेल को भेंट की रामकुंजी पुस्तक



रायपुर। उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगमन हुआ, जहां पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी के साथ प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत और सम्मान किया। इसके बाद श्री गांधी द्वारा इन दिनों हजारों रामकुंजी पुस्तिका में राम नाम अंकित किए जाने का एक धार्मिक अभियान अनुष्ठान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसी दौरान उत्तरप्रदेश राज्यपाल श्रीमती पटेल को रामकुंजी पुस्तिका भेंट की गई। इस कार्य के लिए उन्होंने सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी सहित सभी की सराहना करते हुए धन्यवाद देकर इसे ज्यादा से ज्यादा विस्तार देने की बात कही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवजी पटेल, पाटीदार समाज के अध्यक्ष भरत पटेल, समाज के कार्यकारिणी सदस्य हिम्मत पटेल, वरिष्ठ सदस्य रामकृष्ण पठारिया, बाबू भाई पटेल, दलपत पटेल, वालजी पटेल आदि उपस्थित रहे।

# 14 वार्डों में सिर्फ भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी, सबसे ज्यादा 51 व 56 वार्ड में 10-10 प्रत्याशी लड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नामांकन वापस लेने के बाद नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में 306 पार्षद प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। इन वार्डों में 14 वार्ड ऐसे हैं, जहां सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही खड़े हैं, जबकि 17 वार्डों में 3-3 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार 12 वार्डों में 4-4 प्रत्याशी, 8 वार्डों में 5-5 प्रत्याशी, 6 वार्डों में 6-6 प्रत्याशी, 7 वार्डों में 7-7 प्रत्याशी एवं 2-2 वार्डों में 8, 9 एवं 10-10 प्रत्याशी मैदान पर हैं। सबसे ज्यादा 10-10 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 51 एवं 56 में है। जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा है, वहां भाजपा-कांग्रेस के अलावा कहीं-कहीं आप, बसपा, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

**नगर निगम रायपुर के 70 में से 43 वार्डों में 2, 3 एवं 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में**




### इन वार्डों में रोमांचक मुकाबले होने की संभावना

लालबहादूर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51, ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक-56, ब्राम्हणपारा वार्ड-43, श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड-61, बाबू जगजीवन वार्ड-53, वीर सावरकर नगर वार्ड-1, वामनराव लाखे वार्ड-66, भक्तमाता कर्मा वार्ड-67,चंद्रशेखर आजाद वार्ड-60, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड-9, बाल गंगाधार तिलक वार्ड-18, डा. एपीजी अब्दुल कलाम वार्ड-19, अब्दुल हमीद वार्ड-35, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड-37 आदि वार्डों में 5 से अधिक प्रत्याशी मैदान में है। इस कारण इन वार्डों में मुकाबले रोमांचक हो सकते हैं।

### जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा वहां जीत का अंतराल भी होगा कम

जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा हैं, उन वार्डों में प्रत्याशियों के लिए एक-एक वोट बहुत मायने रखेगा। इस कारण इन वार्डों में प्रत्याशियों को वोट पाने के लिए मेहनत भी ज्यादा करनी होगी, क्योंकि प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने से वोट भी बटेंगे। ऐसे में इन वार्डों में हार-जीत में वोटों का ज्यादा अंतराल नहीं रहेगा। इससे पूर्व में हुए पार्षद चुनाव में देखा गया है कि कोई वार्ड में कुछ वोटों से प्रत्याशियों की जीत-हार हुई है। अवंति बाई वार्ड में पिछले चुनाव में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी के बीच टाई की स्थिति आ गई थी, जिसके बाद निर्वाचन आयोग को दोबारा मतगणना करना पड़ा था। इसके बाद एक वोट से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई थी।

# मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया समझा रहा नगर निगम

■ जोन कमिश्नरों को मिली जिम्मेदारी

■ 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में मशीनों का प्रदर्शन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम ने राजधानी के 70 वार्डो में स्थित मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। दस जोन के कमिश्नरों को यह जिम्मेदारी दी गई है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी और नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सहायक नोडल अधिकारी रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त की गई हैं।

नगर निगम जोन 10 के अंतर्गत गुरु घासीदास वार्ड में सत्यभामा सुंदरानी कन्या उच्चतर शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिंधी कालोनी रविग्राम कमरा नंबर 3, प्राथमिक शाला नई इमारत श्यामनगर, जेआर नायडू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला रविग्राम, रानी दुर्गावती



वार्ड के पुरैना स्कूल परिसर, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के अमलीडीह स्कूल परिसर, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के सेंट जोसफ स्कूल, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल आंगनबाड़ी अमलीडीह, गणेशराम जीवनानी स्कूल, बाबू जगजीवन राम वार्ड में डूमरतराई स्कूल परिसर, देवपुरी प्राथमिक शाला परिसर, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में प्राथमिक शाला बोरियाखुर्द, थ्रोसियन पब्लिक स्कूल, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में स्वामी आत्मानंद प्राथमिक शाला भवन लालपुर, सरस्वती शिशु मंदिर, संत ज्ञानेश्वर उच्चतर माध्यमिक शाला प्रियदर्शिनी नगर, श्वेता मंदिर के मतदान केन्द्र में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर नागरिकों को मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसी प्रकार सभी 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में मतदाता नागरिकों को मशीनों से मतदान करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी देने ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन नगर निगम के जोन अधिकारियों द्वारा किया गया। नगर निगम चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे निर्धारित की गई है, जबकि मतगणना 15 फरवरी को की जायेगी।

# छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से योगेश ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ डेढ़ साल बचा था कार्यकाल

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए पूरी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा भी की है। उन्होंने विधिवत इसकी सूचना एसोसिएशन को दी है।

उन्होंने कहा, प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में मैंने और पूरी टीम ने सबकी सेवा करने अपनी पूरी ऊर्जा से काम किया, परंतु अब मैं अध्यक्ष के रूप में काम नहीं करना चाहता। अपने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देता हूं व पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करता हूं। साय सरकार ने मिलर्स की सभी मांगों को मान भी लिया है। सरकार और अधिकारियों ने मुझे पूरा सहयोग दिया, इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### 2023 में हुआ था चुनाव

योगेश अग्रवाल लंबे समय से अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। राइस मिलर्स एसोसिएशन का चुनाव 3 सालों के लिए होता है। पिछली बार यह चुनाव अक्टूबर 2023 में हुआ था। अभी डेढ़ साल उनका कार्यकाल बचा था।

## बंग समाज के किसी सदस्य को टिकट न मिलने से नाराज

रायपुर। बंग समाज रायपुर महानगर की बैठक में शनिवार को राजनीतिक दलों द्वारा रायपुर एवं बिलासपुर नगर निगम चुनाव में समाज को नजरंदाज करने पर घोर नाराजगी जताते हुए सभी सदस्यों ने कहा कि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल दोनों बड़े राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को पत्र देकर अपनी आपत्ति दर्ज करायेगा। बैठक में सभी ने कहा की समाज को दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने नजरंदाज कर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के दुसरे सबसे बहुसंख्यक समाज को नाराज कर दिया है जिससे समाज ने क्षुब्ध होकर कहा, क्यों ना इस चुनाव का बहिष्कार कर दिया जाए। बैठक में तन्मय चटर्जी, विवेक बर्धन, बापी राय, बापन साहा, जय कुमार डे, सुब्रत चाकी, सुबीर साहा, शिव दत्ता (राकेश), गोपाल सामन्तो, सुशील मण्डल, राजीव चक्रवर्ती सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



**खबर संक्षेप**



## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम सरोरा में स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। निवर्तमान सरपंच बिहारी राम मुख्य अतिथि थे। कर कमलों से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा यह स्कूल निरंतर बच्चे का सर्वांगीण विकास करता आ रहा है। बच्चों को संस्कार वान बनाने के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों, पालकों और समुदाय से अपील किया। कार्यक्रम में शाला के नन्हे -नन्हे बच्चों ने आकर्षक कविता, गीत एवं छत्तीसगढ़ी, देशभक्ति, राउत नाचा आदि विधा में आकर्षक रिकार्डिंग डांस प्रस्तुत किया। पापा मेरे पापा, मेरे झोपडी के भाग खुल जाएंगे, बम बम बोले जैसे गीतों ने जमकर समा बांधा। दर्शकों ने भी प्रतिभागियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया और शुरु से अंतिम तक उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया। कार्यक्रम में शाला की शिक्षिकाएं रानू बैरागी, डिगेश्वरी, पदमनी वर्मा, खुशबू, कमिनी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शाला की शिक्षिका साक्षी वर्मा ने किया।

## केंद्रीय बजट निराशा जनक : पारसनाथ



**आरंग।** किसान नेता पारसनाथ साहू ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट हमेशा की तरह निराशाजनक रहा, क्योंकि किसानों को उम्मीद था कि देश के किसानों को सभी फसलों पर सी250 के आधार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी तथा सिंचाई संसाधन बढ़ाने के लिए राशि का प्रावधान करेंगे। बल्कि उल्टा किसानों को कर्ज में डूबाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर कर दिया है। किसानों को कर्जमुक्त बनाने के बजाय कर्जयुक्त बनाया जा रहा है। ऐसे में किसानों की आय ही नहीं बढेगी तो उनका कर्ज कैसे उतरेगा।

## निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**आरंग।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन माई की बगिया आरंग में 2 फरवरी को 12 बजे से होगा। जिसमें चंदूलाल साहू चुनाव प्रभारी एवं पूर्व सांसद, संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री, भाजपा गुरु खुशवंत साहेब उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण व विधायक आरंग, श्याम नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, नवीन मार्कण्डेय पूर्व विधायक, संजय ढीढी पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी, सभी 17 पार्षदगण, मंडल व बूथ के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। बता दे की इस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है, नगर पालिका आरंग मे निवासरत सभी भाजपा कार्यकर्ता इसमें शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी आरंग मण्डल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने दी।

## एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए अब 2 मार्च से परीक्षा, बदला शेड्यूल

**रायपुर।** प्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा अब 2 मार्च को होगी। पहले यह 16 फरवरी को होने वाली थी। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की वजह से इसका शेड्यूल बदला गया है। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में एडमिशन होगा। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। पहले यह प्रवेश परीक्षा जनवरी में होने वाली थी। बाद में इसे फरवरी किया गया और अब आचार संहिता की वजह से यह परीक्षा मार्च में होगी। राज्य में कुल 74 एकलव्य विद्यालय हैं। यहां छठवीं से बारहवीं तक पढ़ाई होती है। जानकारी के मुताबिक, जनजातीय कार्य मंत्रालय व राज्य सरकार की ओर से संचालित इन विद्यालयों में आदिवासी बच्चों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की1 शिक्षा, भोजन व आवास निशुल्क दिया जाता है। गौरतलब है कि जिन स्कूलों में दो सेक्शन हैं, वहां छठवीं में 60 सीटें हैं।

---

निकाय चुनाव : नाम वापसी के बाद पालिका अध्यक्ष के लिए 7 लोग चुनावी मैदान में

# पालिका चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस के अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



नगर पालिका चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद पालिका अध्यक्ष के लिए 7 लोग चुनाव लड़ेंगे, अध्यक्ष पद सहित सभी पार्षद पद के सभी लोगों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जा चुका है।

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से चंद्रकला वर्मा, कांग्रेस से लक्ष्मीनारायण वर्मा, आम आदमी पार्टी से डॉ. राजकुमार सोनी, सहित निर्दलीय गौकरण निषाद, संतोष कुमार साहू, सुमंत कश्यप, दीपक कुमार साहू चुनावी मैदान में है।

वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस से दिनेश सोनी, भाजपा से ईश्वर यदु, निर्दलीय चंद्रशेखर पाल चुनावी मैदान में है, वार्ड 2 में कांग्रेस से जितेंद्र ध्रुव, भाजपा से विनोद कुमार नेताम, निर्दलीय सुशीला, वार्ड 3 में भाजपा से रवि सेन, कांग्रेस से विजय चंदवानी, निर्दलीय प्रदीप साहू, गोविंद लालवानी, वार्ड क्रमांक 4 में कांग्रेस से दशरथ डहरिया, भाजपा से धर्मेंद्र डहरिया के बीच सीधा मुकाबला है। वार्ड 5 में भाजपा से दिनेश पंजवानी, कांग्रेस से राजेश कोटवानी, वार्ड 6 में भाजपा से ज्योति नागवानी, कांग्रेस से कोमल मेघानी, निर्दलीय पूर्णिमा साहू, अंजू, पिंकी साहू, वार्ड 7 में कांग्रेस से मोती हिंदुजा, भाजपा से सतीश निषाद, निर्दलीय अकरम सैय्यद, वार्ड 8 में भाजपा से अलख मेरा साहू कांग्रेस से स्वेजा परवीन, निर्दलीय बिंदा देवांगन, नीता वर्मा, रत्ना मनोहर साहू, वार्ड 9 में कांग्रेस से पवन बघेल, भाजपा से राजकुमार गेंदें, वार्ड 10 में कांग्रेस से हेम लाल साहू, भाजपा से कृष्णा शर्मा, निर्दलीय अन्नपूर्णा कश्यप, संतोष सक्सेना, वार्ड 11 में कांग्रेस से दुर्गेश साहू,भाजपा से मनोरमा वर्मा, निर्दलीय दिनेश साहू, रवि साहू, वार्ड 12 में कांग्रेस से माया वर्मा, भाजपा से पारुल, निर्दलीय लक्ष्मी वैष्णव के बीच मुकाबला है।

### वार्ड 14 में त्रिकोणीय मुकाबला

वहीं वार्ड 13 में भाजपा से पलक सुखवानी, कांग्रेस से रितु हीरामनि, वार्ड 14 में भाजपा से बघेल लुक राम, कांग्रेस से नामदेव धृतलहरे, निर्दलीय चरण जांगड़े, वार्ड 15 में कांग्रेस से विजय मारखंडे, भाजपा से विकास कोटवानी, वार्ड 16 में कांग्रेस से किरण बाला नायक, भाजपा से राहुल सोनी, निर्दलीय दुर्गेश नशीने, शिव साहू, वार्ड 17 में कांग्रेस से भूषण दास मानिकपुरी, भाजपा से जयेश पैकरा, निर्दलीय मुकेश कुमार यद्धु, सोमेश कश्यप, वार्ड 18 में भाजपा से मंजू तिवारी, कांग्रेस से पूर्णिमा सेन, निर्दलीय बिंदेश्वरी वर्मा , संतोषी मानिकपुरी, वार्ड 19 में कांग्रेस से दिलीप देवांगन, भाजपा से नारायण वर्मा, निर्दलीय अजय वर्मा, आशीष गुप्ता, दिनेश साहू, पावन साहू, वार्ड 20 में कांग्रेस से नरोत्तम यद्धु, भाजपा से संतोष यद्धु, निर्दलीय एवन साहू, ओमप्रकाश निषाद, वार्ड 21में कांग्रेस से रजनी मांडले, भाजपा से रानी सौरभ जैन, निर्दलीय ज्योति ज्वाला, निशा रोनाल्ड, रूपा चौधरी, एवं वार्ड नंबर 22 में भाजपा से ग्वालिन कोसले, कांग्रेस से पूनम टंडन, निर्दलीय खेदीया पात्र अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है। सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है।

---

# पंचायत देवरी की सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने ग्रामीण हुए लामबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा के समीपस्थ ग्राम पंचायत देवरी की सरकारी भूमि पर मैसर्स अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है। उक्त कंपनी ने बिना ग्राम पंचायत को सूचित किए तथा बिना किसी कानूनी अनुमति के, सरकारी भूमि पर सीमेंट के पोल लगाकर लोहे का बोर्ड स्थापित कर दिया है, जिसमें उनका नाम दर्ज है। ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्य आचार संहिता के दौरान किया गया है, जो पूर्णतः अवैध है। इससे ग्रामवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों ने एकजुट होकर इस अन्याय का विरोध किया है और उक्त बोर्ड को हटाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व दिनांक 22 फरवरी 2024 को तहसील कार्यालय से ग्राम पंचायत को (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसे ग्राम सभा में चर्चा कर सर्वसम्मति से अस्वीकार कर दिया गया था। इसकी प्रति ग्रामीणों द्वारा दिखाई गई। ग्रामीणों ने तहसीलदार तिल्दा को आवेदन देकर विरोध दर्ज कराए हुए निवेदन किया है कि इस अवैध अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की कृपा करें एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करें। यदि प्रशासन शीघ्र कदम नहीं उठाता है, तो ग्रामवासियों को मजबूरन आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---



# 42 स्कूल के रसोइयों ने लिया खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के निर्देशानुसार 42 स्कूल के रसोईयों ने फास्टेक अर्थात खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शैक्षिक हाल में प्राप्त किया। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य सरोजिनी केरकट्टा ने रसोइयों से बात करते हुवे उन्हें स्वच्छता एवं मध्यान भोजन के मीनू के पालन करने पर जोर दिया और कहा कि यह बच्चों के शैक्षिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। वहीं रसोईयों को खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत मध्यान भोजन कक्ष की साफ-सफाई, खाद्य पदाथोंर् की सुरक्षा, व्यवस्थापन पैकेजिंग, भंडारण, परिवहन के साथ-साथ विद्यार्थियों की कक्ष में बैठक व्यवस्था आदि पर प्रशिक्षण दिया गया और बताया गया कि प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत मध्यान भोजन प्रभारी चखना पंजी के माध्यम से भोजन की गुणवत्ता तय कर उसे दुरुस्त करेंगे एवं रसोईयागण खाद्य पदाथोंर् की साफ सफाई सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताहि न बरते एवं कुकिंग कॉस्ट राशि बढ़ने की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वालों में सहायक ग्रेड 2 मध्यान प्रभारी घनश्याम रात्रे, लकी डहरिया, भानु साहू, प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव की सहभागिता रही। साथ ही डूमहा, भिलाई, सेजा, भैंसमुड़ी, गुखेरा, मोहमेला, कोटनी, रसनी, जावा, पलौद, परसवानी, भंडारपुरी, धमनी, देवरी, चिखली, गुल्लू, धनसूली, बोहारडीह आदि सभी संकुल व स्व सहायता समूह के सदस्यों की भी उपस्थित रही।

---

# बीईओ कर रहे शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा आरंग विकासखंड अंतर्गत सतत शालाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे शाला का रख-रखाव बिजली, पानी, शौचालय की साफ-सफाई, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन की मीनू के अनुसार गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, शाला में पठन-पाठन आदि सभी बिंदुओं पर फोकस करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को जानने के लिए क्लास भी ले रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बाना मालीडीह आदि शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सभी को आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए प्रेरित किया एवं समस्त संकुल समन्वयकों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह विद्यालय में पढ़ाने के साथ-साथ निरीक्षण का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शालाओं में आवश्यकता के अनुसार वार्षिक कार्य योजना मंगाई गई है, जिससे सभी शालाओं की वस्तु स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। साथ ही शिक्षकों को इस बात के लिए भी प्रेरित किया की पूरी तन्मयता एवं समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें और शैक्षिक गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करें।

---

# आम जनता की सालाना आय पर टैक्स में छूट, मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग





केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश की गई केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार ने कहा कि आम जनता को 12 लाख तक सालाना आय पर टैक्स से छूट दी गई है, जिससे मध्यम वर्ग के लिए लिए बहुत बड़ी राहत है। वही प्रत्येक नागरिक इनकम टैक्स से अधिक जीएसटी टेक्स रोजाना हर एक वस्तु पर दे रहा है। जीएसटी की स्टेट और नेशनल की दरें बहुत अधिक है। मध्यम वर्ग के ज्यादातर लोग सर्विस क्लास है जो दूसरों को सेवाएं देते हैं लेकिन जब खुद का काम करवाना हो तो अधिक सर्विस टैक्स देना पड़ता है। डेयरी प्रोडक्ट और दैनिक उपभोग की वस्तुएं, सिलेंडर के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे है। पेट्रोलियम उत्पादों का रेट भी कम होना चाहिए, उससे परिवहन व्यय कम होगा तो महंगाई भी कम होगी। उन्होने आगे कहा कि सबसे महत्वपूर्ण महिला सशक्तिकरण समानता को लेकर सरकारें उदासीन है महिला बाल विकास में पर्यवेक्षकों को केंद्र सरकार के कर्मचारी घोषित कर देना चाहिए और उन्हें भी अन्य विभागों में समान पदानुरूप वेतन देकर उनके साथ न्याय करना चाहिए। जो बजट में दिखाई नही दे रही है जिससे पर्यवेक्षकों में निराशा की भावना दिखाई दे रही। इधर नगर पालिका परिषद आरंग के भाजपा प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्रें के लिए भी कई बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री ने इस दौरान ऐलान किया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जुड़ी 36 दवाओं पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इन्हें पूरी तरह से ड्यूटी फ्री बनाया जाएगा। इस दौरान वित्त मंत्री ने ऐलान किया अगले 3 सालों में देशभर के सभी जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे, वहीं इस वित्त वर्ष में 200 ऐसे सेंटर खोले जाएंगे। इस दौरान वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाई। डॉ. जैन ने प्रतिक्रिया करते हुए आगे कहा कि बजट के अनुसार 12 लाख आय कमाने वाले नागरिकों को आयकर मुक्त करके मध्यम वर्ग के सभी लोगो को बहुत बड़ी राहत प्रदान की गई है। जिससे मध्यम वर्ग के लोगो के जीवन स्तर, रहन–सहन में अद्वितीय सुधार आएगा। साथ ही सभी के आय में वृद्धि होगी, रोजगार में बढोत्तरी होगा, जिससे हमारे देश मे बेरोजगारी कम होगी और भारत विकास की ओर अग्रसर होगा।

---

## कलशयात्रा के साथ कथा का शुभारंभ...



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन शनिवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओ एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया। कथा के प्रवचन कर्ता पं. गणेश प्रसाद तिवारी बिरगांव वाले है। कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक है।

---



## खेलकूद, अभिनय, चित्रकला व भाषण में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

**अभनपुर।** प्राथमिक शाला खोरपा मे तीन दिवसीय लइका मंडई उत्सव संपन्न हुआ। उत्सव में खेलकूद, अभिनय, चित्रकला, भाषण, बाल मेला सहित विभिन्न कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लेते बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एचएम केपी साहू ने जानकारी देते बताया कि बच्चों में अंतरनिहीत प्रतिभा को निखारने, मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाने एवं कला, प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य यह आयोजन किया गया। जिससे बच्चो के अंदर छुपे हुनर का पता लगाया जा सके और उनको उचित संसाधन मुहैया उपलब्ध कराते आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान पीएस राजपूत, डूमेश्वरी चौधरी, नाहिद रहमान, एसएमसी अध्यक्ष कुमुम साहू, गणेश राम पटेल, जानकी साहू, यशोदा साहू, चोमेश्वरी साहू, बसंती साहू, कमला साहू, सावित्री साहू, रूखमनी साहू, ईश्वरी साहू, हृदय साहू सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

---

# विद्यार्थियों ने पेश किया गणित व विज्ञान से संबंधित मॉडल

**धरसीवां/कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में विधा वार सभी विषयों के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकंडरी कक्षा के सभी छात्रों के विभिन्न विषयों के मॉडल के साथ प्रेजेंटेशन दिया। प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी विज्ञान, कॉमर्स, गणित एवं कला की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इससे सभी की प्रतिभा निखरती हैं बच्चों ने इसमें उत्साह भी दिखाया एवं प्रोबेबिलिटी, ट्रिग्नोमेट्री, लॉजिक गेट, बैंकिंग, वॉटर हार्वेस्टिंग, रोबोट, 3 डी आकृतियों के मॉडल एवं ह्यूमन सिस्टम, ज्वालामुखी, केदारनाथ मंदिर जैसे विभिन्न मॉडलों से निर्णायकों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी मेला में श्यामा प्रसाद



मुखर्जी कॉलेज से डॉ. निधि देवांगन (विज्ञान) डॉ. स्वाति शर्मा (सामाजिक विज्ञान - अर्थशास्त्र) डॉ. संजय सिंह (वाणिज्य) डॉ. कौशल किशोर (बॉटनी) ने निर्णायक की भूमिका निभाई बच्चों के कार्यों को खूब सराहा एवं भविष्य में इस प्रकार के आयोजन में कॉलेज के छात्रों को भी दर्शकों में सम्मिलित करने की बात कही। एवं विद्यालय परिवार को ऐसे आयोजनों के लिए शुभकामनाएं दी।

---

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी पंथी व आदिवासी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति

# शिशु मंदिर के माध्यम से बच्चों को मिल रहा संस्कार : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में वार्षिकोत्सव का आयोजन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा, अध्यक्षता हरिओम शर्मा कुटुंब प्रबोधन, विशेष अतिथि नीरज सिन्हा, आशीष टांडी, राकेश साहू, संदीप देवांगन, मुकुंद पवार ने मां सरस्वती, ओम और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वालित किया। उसके बाद विद्यालय के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने मुख्य अतिथि का स्वागत, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने हरिओम शर्मा का स्वागत, कोषाध्यक्ष गणेश साहू ने नीरज सिन्हा का स्वागत तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ और श्रीफल भेंट कर किया। बाकि अतिथियों का स्वागत डॉ. हेडगेवार बाल कल्याण समिति आरंग के सदस्यों द्वारा श्रीफल व गुलाब देकर व तिलक लगाकर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ एवं स्वागत पश्चात कक्षा दशम मे प्रथम आए भैया मोक्ष चंद्राकर को विद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि के हाथों से रजत मैडल व प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा दशम मे हिंदी विषय मे 100 मे 91 अंक अर्जित करने वाली दो बहनो मोनिका साहू और देविका सोनकर को सील्ड प्रदान किया गया। रकबी मे गुंजन वर्मा ने स्टेट खेलकर नेशनल मे जगह बनाई उसको भी शील्ड प्रदान किया गया। पुरस्कार के पश्चात भैया–बहनो द्वारा आकर्षक नृत्य जिसमें पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य, शिव तांडव, नाटक पेड़ बचाव, शाखा के माध्यम से भविष्य का निर्माण और भी कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपनारायण सिन्हा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि विद्या भारती के माध्यम से सरस्वती शिशु मंदिरों मे भैया बहनो का भविष्य निर्माण हो रहा है, जो संस्कार मिलना चाहिए वो शिशु मंदिर के माध्यम से मिल रहा है। अध्यक्षता कर रहे हरिओम शर्मा ने कहा कि कुटुंब में एक साथ रहकर अपनी समस्याओ का समाधान होता है, बच्चों का विकास भी कुटुंब के माध्यम से होता है। विद्यालय का प्रतिवेदन प्रभारी प्राचार्य वशिष्ठ साहू ने किया। अतिथियों का आभार व्यक्त अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, व्यवस्थापक राजेश साहू, सहचिव तेजराम जलक्षत्री, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, सदस्य कौशल चंद्राकर, राकेश गुप्ता, रोशन चंद्राकर, कमल देवांगन, संतोष सोनी, बृजेश सोनी, संतोष साहू, संजय जलक्षत्री उपस्थित रहे। मंच संचालन संतोष शंख आचार्य व हिना चंद्राकर ने किया।

---

# मानव जीवन में सत्संग का बड़ा महत्व है : महंत डॉ. लीलाधर



**तरपोंगी।** कबीर सत्संग समिति खैरखूँट द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह के अंतिम दिवस पर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहेब के कृपा प्राप्त महंत डॉ. लीलाधर दास अहिवारा आश्रम के द्वारा सद्गुरु महिमा, संत महिमा, चौका आरती महिमा, मानव जीवन का उद्देश्य का महत्व बताया तथा साधकों को गुरु भक्ति करने के लिए प्रेरित किया। महंत लीलाधर साहेब ने पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे केडीवी मिशन का उद्देश्य जीव दया और आत्म पूजा पर विशेष प्रवचन देकर सभी को मिशन से जुड़ने के लिए निवेदन किया। महंत डॉ. लीलाधर दास साहेब जी ने गुरू महिमा गुरु भक्ति पर विशेष प्रकाश डाला। इस प्रकार से महंत लीलाधर साहेब जी के कर कमलों द्वारा सामूहिक सात्विक आनंदी चौका आरती सम्पन्न हुआ। जिसमें भक्तों ने आरती प्रज्वलित कराकर अपने मानव जीवन का उत्थान करने के लिए सद्गुरु कबीर साहब से प्रार्थना किया। अंत में महंत डॉ. लीलाधर दास साहेब जी ने आयोजक समिति को इस आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं दी। सत्संग करने बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे।